



सांध्य दैनिक

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534

डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2023-25

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच






वर्ष- 15 अंक - 215 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, रविवार 19 मई 2024 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-


# मरीजों को अब कतार से मिलेगी मुक्ति, शास्त्री अस्पताल सुपेला और जिला अस्पताल में शुरू हुई सुविधा

श्रीकंचनपथ

**भिलाई।** सरकारी अस्पतालों की भीड़ से सभी वाकिफ हैं और यहां मरीजों को कितनी लंबी कतार लगानी पडती इससे सभी परिचित हैं। लेकिन अब सरकारी अस्पताल में मरीजों को कतार से मुक्ति मिल जाएगी। राज्य नोडल एजेंसी, छत्तीसगढ़ शासकीय मेडिकल कालेज, जिला अस्पताल एवं अन्य स्वास्थ्य सुविधा संस्थानों में अब मरीजों को ओपीडी पर्ची बनाने के लिए लंबी लाईन लगाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।

दरअसल यह संभव होगा आभा मोबाइल एप से। आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन का आभा मोबाइल एप गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड करें और आभा एप के माध्यम से परिजन एवं मरीज



रजिस्ट्रेशन कर ओपीडी काउंटर के पास लगे क्यूआर कोड को स्कैन और शेयर कर लंबी कतारों से बच सकते हैं। यह विशेष सुविधा अब शास्त्री अस्पताल सुपेला और दुर्ग जिला अस्पताल में भी उपलब्ध हो गई है। अस्पताल परिसर में इससे जुड़ी जानकारी दी जा रही है।

## ओपीडी के लिए लगती है भीड़

बता दें वर्तमान व्यवस्था के कारण सरकारी अस्पतालों में ओपीडी के लिए रोजाना अच्छी खासी भीड़ लगती है। दुर्ग जिला चिकित्सालय व सुपेला शास्त्री अस्पताल सुविधाजनक होने के कारण यहां भी मरीजों की काफी भीड़ होती है। इसके कारण पर्ची कटाने से लेकर ओपीड़ी में डॉक्टर को दिखाने तक मरीजों को लंबा इंतजार करना होता है। अब जो आभा ऐप आया है इससे मरीजों को पर्ची के लिए लंबी कतार लगाने से मुक्ति मिलेगी। अस्पताल परिसर में आने वाले मरीजों को ऐप के संबंध में जानकारी भी दी जा रही है। यह सुविधा जिला चिकित्सालय दुर्ग व शास्त्री अस्पताल सुपेला दोनों जगह पर मौजूद है।

## जानिए कैसे काम करता है यह ऐप

**आभा मोबाइल ऐप के जरिए चार आसान चरणों को फॉलो कर मरीज अस्पताल की लंबी लाइन से छुटकारा पा सकतें हैं।**

- चरण 1 : उपर का क्यु आर कोड स्कैन करें क्यु आर कोड स्कैनर / एबीडीएम सक्षम एप से, या गुगल प्ले स्टोरसे सर्च ABHA App करें।
- चरण 2 : ABHA App डाउनलोड करें (यदि पहले से डाउनलोड न हो) इसमें रजिस्टर कर लॉगिन करें।
- चरण 3 : अपना प्रोफाइल शेयर करें ओपीडी पंजीयन हेतु अस्पताल का त्क्र कोड स्कैन करें। अपना प्रोफाइल शेयर करें एवं टोकन नं. प्राप्त करें।
- चरण 4 : अपने टोकन नम्बर अनुसार काउंटर न. 1 में जाकर ओपीडी पर्ची प्राप्त करें और डॉक्टर को दिखाएं।

## खास-खबर

### आज अंतरिक्ष की यात्रा कर इतिहास रचेंगे गोपीचंद, 40 साल बाद होगा ऐसा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय मूल के पायलट गोपीचंद थोटाकुरा 19 मई को इतिहास रचने वाले हैं। भारतीय समयानुसार मिशन की उड़ान का समय शाम 7 बजे रखा गया है। वह जेफ बेजोस के स्वामित्व वाली कंपनी ब्लू ओरिजिन की कमर्शियल अंतरिक्ष यात्रा का हिस्सा हैं, जो आज शाम को उड़ान भरेगी। ब्रह्मांड की इस यात्रा में पायलट के तौर पर गोपीचंद को चुना है। वह अंतरिक्ष की उड़ान भरते ही ऐसा करने वाले दूसरे भारतीय होंगे। इससे पहले 1984 में राकेश शर्मा ने यह कारनामा किया था।

संयुक्त राज्य अमेरिका में रहने वाले गोपीचंद को ब्लू ओरिजिन के न्यू शेपर्ड-25 (एनएस-25) मिशन के लिए चालक दल में चुना गया है। उनके अलावा चालक दल में दुनिया भर के पांच अन्य अंतरिक्ष यात्री भी हैं। यह मिशन न्यू शेपर्ड कार्यक्रम के लिए सातवीं मानव उड़ान और इतिहास में 25वां मिशन है।


#### गोपीचंद थोटाकुरा कौन हैं?

आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा में जन्मे गोपीचंद आज 30 साल के हैं। वह एक उद्यमी और कुशल पायलट हैं। ब्लू ओरिजिन वेबसाइट के मुताबिक, गोपीचंद एक पायलट और एविएटर है। जिन्होंने सड़क पर गाड़ी चलाने से पहले ही हवाई उड़ान भरना शुरू कर लिया था। वह कमर्शियली जेट उड़ाने के अलावा, बुश, एरोबेटिक और सीप्लेन के साथ-साथ ग्लाइडर भी उड़ा चुके हैं। वह एक अंतरराष्ट्रीय मेडिकल जेट पायलट के रूप में भी काम कर चुके हैं।

शालीमार एक्सप्रेस हादसे का शिकार

# रायपुर के उरकुरा के पास एसी कोच पर गिरा खंबा, यात्री का हाथ कटा, कई घायल





श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के उरकुरा स्टेशन के पास रविवार की सुबह शालीमार-लोकमान्य तिलक एक्सप्रेस हादसे का शिकार हो गई। उरकुरा स्टेशन से गुजरते समय एक्सप्रेस के एसी कोच पर खंबा गिर गया जिससे कोच का कांच टूट गया। इससे एक यात्री का हाथ कट गया और कुछ यात्रियों को चोटें आई हैं। रायपुर रेलवे स्टेशन पहुंचने के बाद यात्रियों को फस्ट एड दिया गया। वहीं घायल यात्री को अस्पताल पहुंचाया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार घटना रविवार सुबह की है। शालीमार लोकमान्य तिलक ट्रेन के बी6 कोच में उरकुरा स्टेशन से गुजरने के दौरान खंभा गिरा जिसके कारण एसी कोच की खिड़ी टूटी। खिड़की के पास बैठे 2 यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। इनमें से एक यात्री का हाथ कट गया है। हादसे के बाद लगभग एक घंटे से भी ज्यादा समय तक रेलवे स्टेशन पर ट्रेन को रोका गया। खंबा हटाने के बाद ट्रेन को रवाना किया गया। रायपुर रेलवे स्टेशन पहुंचने के बाद गंभीर रूप से घायल यात्रियों को अस्पताल पहुंचाया गया। वहीं शेष यात्रियों को फस्ट ऐड दिया गया। हादसे की सूचना मिलने पर रायपुर मंडल प्रबंधक संजीव कुमार सहित अन्य अफसर मौके पर पहुंचे। फिलहाल हादसे की जांच की जा रही है।

### अचानक खंबा गिरने से सकते में आए यात्री

शालीमार एक्सप्रेस के ऐसी कोच पर अचानक खंबा गिरने से यात्री सकते में आ गए। सुबह का समय होने के कारण यात्री अपने बर्थ पर सो रहे थे। खंबा गिरते ही कांच टूटा और तेजी से यात्रियों को लगा। खिड़की के पास बैठे यात्री को ज्यादा चोट आई। ट्रेन को रायपुर स्टेशन लाने के बाद टूटी हुई खिड़कियों में कार्टून के टूकड़े काटकर लगाए गए। इसके बाद ट्रेन को रवाना किया गया।

### रायपुर में डेढ़ घंटे से ज्यादा खड़ी रही ट्रेन

शालीमार कुर्ला एक्सप्रेस लगभग तीन घंटे की देरी से चल रही थी। उरकुरा में खंबा गिरने के बाद रायपुर रेलवे स्टेशन पहुंचते तक लगभग 4 घंटे की देरी हो गई। शालीमार एक्सप्रेस का रायपुर पहुंचने का सही समय सुबह 6:25 बजे का है और हादसे के कारण 10:18 बजे पहुंची। इसके बाद ट्रेन रायपुर रेलवे स्टेशन में एक घंटा 42 मिनट तक रोकने के बाद 11:50 बजे रवाना किया गया। इस बीच ऐसी कोच की टूटी खिड़कियों में खड्?डा लगाया गया ताकि उस हिस्सों को ढका जा सके। रायपुर से निकलने के बाद दुर्ग पहुंचते तक ट्रेन लगभग पांच घंटे लेट हो गई है।

### रेलवे ने शुरू की जांच

हादसे की सूचना मिलने के बाद मंडल रेल प्रबंधक संजीव कुमार अन्य अफ़सरों के साथ स्टेशन पहुंचे। उन्होंने घायल यात्रियों को इलाज मुहैय्या कराने का निर्देश दिया। डीआरएम ने कहा कि हादसे का कारण स्पष्ट नहीं है जांच के बाद स्पष्ट होगा। इस दौरान आरपीएफ के जवानों ने घायलों को अस्पताल पहुंचाने में मदद की। रेल मंडल रायपुर में जनसंपर्क अधिकारी शिव प्रसाद ने कहा है कि हादसे में 3 लोगों को ज्यादा चोटें आई है। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सभी लोग खतरे से बाहर हैं। रेलवे टीम हादसे को लेकर जांच कर रही है।



# आयकर छापाः जूता कारोबारियों से मिले अब तक 40 करोड़ रुपए, मशीनों से नोट गिनते-गिनते थके अधिकारी

**आगरा (एजेंसी)।** आगरा में आयकर विभाग ने शहर के तीन बड़े जूता कारोबारियों के यहां तलाशी ली। इसमें अब तक 40 करोड़ रुपये नकद बरामद किए जाने की जानकारी मिली है। आयकर विभाग ने शनिवार को एमजी रोड के बीके शूज, धाकरान के मंशु फुटवियर और हींग की मंडी के हरमिलाप ट्रेडर्स पर एकसाथ कार्रवाई की है। गिनती के लिए बैंकों से नोट गिनने की मशीनें मंगवाई गई हैं। रात तक नोटों की गिनती जारी रही।

आयकर चोरी की सूचना पर आयकर विभाग की इन्वेस्टिगेशन विंग ने आगरा, लखनऊ, कानपुर के कर्मचारियों के साथ इन कारोबारियों के छह ठिकानों पर कार्रवाई की। इनमें बीके शूज के एमजी रोड स्थित प्रतिष्ठान और सूर्य नगर स्थित घर की तलाशी ली गई। जूते की ट्रेडिंग कर रही मंशु फुटवियर और बीके शूज के मालिक रिश्तेदार हैं और बीते कुछ सालों में ही बाजार में बड़ा नाम बन गए हैं। हरमिलाप ट्रेडर्स का शू मैटेरियल का काम है।

### निवेश और सोना खरीद की जानकारी मिली

इन्वेस्टिगेशन विंग की 12 से ज्यादा टीमों ने कार्रवाई की। कारोबारियों के पास से भारी मात्रा में जमीन में निवेश, सोने की खरीद की जानकारी भी मिली है। इनर रिंग रोड के पास कारोबारियों ने बड़ा निवेश किया है। लैपटॉप, कंप्यूटर और मोबाइल फोन जब्त किए गए हैं और उनसे डाटा लिया गया है। रसीदें और बिल के साथ स्टॉक रजिस्टर की जांच में कई हैरान कर देने वाली जानकारियां मिली हैं। एक प्रतिष्ठान के संचालक ने अपने आईफोन का लॉक नहीं खोला। उसमें लेनदेन के कई राज छिपे हैं।

# अवैध संबंध के शक में ससुर ने की बहू की हत्या बोला- रोजाना फोन पर करती थी बात, 4 गिरफ्तार

**बलरामपुर (ए)।** छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले में फोन पर बात करने के शक में ससुर ने अपनी बहू की हत्या कर दी है। बताया जा रहा है कि दूसरे लड़के से फोन पर बात करने के कारण ससुर ने गड़ासा से मारकर बहू को लहूलुहान कर उसे कुएं में फेंक दिया। इस मामले में पुलिस ने पति, सास-ससुर और देवर को गिरफ्तार कर लिया है। यह पूरा मामला जिले के डिंडो चौकी क्षेत्र का बताया जा रहा है।


पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार जब गांव में हंगामा की सूचना मिली तो पुलिस तुरंत मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शॉर्ट पीएम रिपोर्ट के आधार पर सिर पर गहरी चोट लगने की वजह से पूजा की मौत होने की बात कही है। मामले में पुलिस ने आरोपी पति आशीष यादव जिसकी उम्र 23, ससुर जयप्रकाश यादव, सास रीता यादव और नाबालिक देवर के खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि यह हत्या चरित्र शंका का पर की गई है। बताया जा रहे की पूजा अक्सर फोन पर किसी से बात करती थी। यही वजह थी कि परिवार के लोगों को शक था कि वह किसी लड़के से बात कर रही है। बताया जा रहा है कि 14 मई की रात को जब ससुर जयप्रकाश यादव सरपंच के घर से जन्मदिन की पार्टी करने के बाद लौटा तो उसने देखा कि बहु घर से दूर कुएं के पास किसी से फोन पर बात कर रही है। जिस बात से ससुर बहुत नाराज हो गया और गुस्से में उसने पशुओं का चारा काटने वाले लोहे के हथियार से उसके सिर पर मारा। इसके बाद सिर पर गहरी चोट होने के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पूजा की मौत के बाद साक्ष्य छुपाने के उद्देश्य से परिवार के चारों लोगों ने उसकी लाश को कुएं में डाल दिया।

# कई जिलों में बारिश की संभावना, दुर्ग सहित इन संभागों में चढ़ेगा पारा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** दक्षिण छत्तीसगढ़ यानी बस्तर संभाग के कई जिलों में आज हल्की बारिश होने की संभावना है। प्रदेश में लगातार बारिश होने की वजह से वातावरण ठंडा हो गया है। अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। वहीं एक बार फिर रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग और सरगुजा संभाग में अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी होने की संभावना है। प्रदेश में सबसे गर्म दुर्ग जिला रहा है।



मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश में अगले 24 घंटे में उत्तर और मध्य छत्तीसगढ़ के जिलों में अधिकतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। इसके बाद अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री तक वृद्धि होने की संभावना है। वहीं दक्षिण छत्तीसगढ़ के जिलों में आगामी 5 दिनों में अधिकतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है।

मौसम एक्सपर्ट के अनुसार, एक द्रोणिका दक्षिण छत्तीसगढ़ से तेलंगाना और रॉयलसीमा होते हुए दक्षिण आंतरिक कर्नाटक तक समुद्र तल से 3.5 किलोमीटर ऊंचाई पर स्थित है। इसके प्रभाव से बस्तर संभाग के एक-दो जगह पर गरज चमक के साथ तेज हवाएं और हल्की बारिश की संभावना है। मौसम एक्सपर्ट का कहना है कि द्रोणिका के प्रभाव से प्रदेश में बारिश की गतिविधियां जारी रहने की संभावना है।

आज रविवार को दक्षिण छत्तीसगढ़ यानी बस्तर संभाग के बीजापुर, दंतेवाड़ा, नारायणपुर, कांकेर और अंतागढ़ के कई जगहों पर हल्की बारिश की संभावना है। इसके साथ ही एक दो जगह पर तेज हवाएं चलने की संभावना है। बीते दिनों प्रदेश के कई जगहों पर हल्की से हल्की बारिश दर्ज की गई है। प्रदेश में बारिश की वजह से वातावरण ठंडा हो गया है। हालांकि राजधानी रायपुर समेत कई जिलों में सुबह से ही धूप है। प्रदेश में शनिवार को सबसे गर्म दुर्ग जिला रहा। यहां अधिकतम तापमान 42.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं सबसे कम न्यूनतम तापमान 19.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

# इन आंसुओं को बाल्टियों में भर लो

श्रीकंचनपथ




गरीबों की बस्तियों में पानी को लेकर प्रदर्शन कोई नई बात नहीं है। लोग खाली मटकियां लेकर प्रदर्शन करते हैं। पर अब यह समस्या कालोनियों तक आ पहुंची हैं। चौहान ग्रीन वैली में भी एक ऐसा ही प्रदर्शन हुआ। फ्रिज का पानी पीने वालों ने मटका फोड़कर प्रदर्शन किया। दरअसल, गर्मियों के आते ही कई आवासीय कालोनियों में पानी की किल्लत शुरू हो जाती है। जहां-जहां पेयजल के लिए पाइपलाइन बिछी हुई है वहां नल खुलते ही लोग टुल्लू पम्प लगाकर पानी खींच लेते हैं। शेष बस्ती सूखी रह जाती है। हाय-तौबा मचती है तो स्थानीय प्रशासन वहां टैंकर भेज देता है। टैंकर से पानी भरना सभी के बस का नहीं। यहां सिर-फुटौव्वल की नौबत आ जाती है। कुछ दबंग टाइप के लोग टैंकरों में भी पाईप डालकर मोटर चालू कर लेते हैं। इस उठापटक की अच्छी बात सिर्फ यह है कि जब पानी का संकट होता है तो लोगों को पानी का मोल समझ में आने लगता है। दो-चार बाल्टी पानी ढोने में जब कमर जवाब दे जाती है तो आंखों के आगे सिर पर पानी ढो रही राजस्थान की महिलाओं के चित्र नाचने लगते हैं। भारत प्रचुरता का देश रहा है। यहां मौसम, मिट्टी, पानी की कमी कभी महसूस नहीं की गई। भगवान की गारंटी थी कि उन्हें जीवन धारण के लिए यहां सबकुछ मिलेगा। सभी प्रकार की फसलें होंगी, पोखर-तालाब और नदियां पानी की जरूरत को पूरा करती रहेंगी। बहुत ज्यादा जरूरत पड़ी तो कुएं खुदवा लिये गये। आधुनिक टेक्नोलॉजी के आने के बाद कुओं का स्थान डीप बोरवेल ने ले लिया। लोगों ने इतना पानी खींचा कि जमीन की कोख सूख गई। दूसरी तरफ पानी की जरूरत कम होने की बजाय बढ़ती चली गई। पानी की जरूरत सबकी अलग-अलग है। बड़े घर वालों को घर-आंगन (पोर्च) धोने, वाशिंग मशीन में दो-दो, चार-चार कपड़ा अलग-अलग धोने से लेकर प्रतिदिन गाड़ियां धोने के लिए पानी चाहिए। वहीं गरीब को नहाने-धोने से लेकर पकाने-खाने के साथ-साथ अब संडास के लिए भी पानी चाहिए। जब सरकार ने घर-घार शौचालय की बात की तो खूब तालियां बजीं। देश स्वच्छ हो रहा है। पर इससे पहले एक नारा घर-घर पानी का होना चाहिए था। इसकी किसी ने बात ही नहीं की। पर जो समझदार होते हैं, वो समस्या का कोई न कोई समाधान ढूंढ ही लेते हैं। कुछ दिन पहले गांव जाना हुआ। हम दो गाड़ियों में थे। जब तक गांव पहुंचे, धूल-मिट्टी से गाड़ी बदरंग हो चुकी थी। जिस गाड़ी में हम थे वह वोस्लो-बीके के एक पूर्व अधिकारी की थी। उन्होंने डिकी से एक डस्टर निकाला। उसे गाड़ी के आगे पीछे फिराया, उसी से शीशे भी झाड़े। साथ खड़ी दूसरी गाड़ी को भी झाड़-पोंछकर साफ किया। फिर एक छोटे से नैपकिन को भिगोया और शीशों पर फिरा दिया। फिर मैट को निकालकर झाड़ दिया। गाड़ियां चकाचक हो गईं। महज दो मग पानी में दो गाड़ियां साफ-सुथरी हो गईं।




## संपादकीय

# एक छिपकली की खातिर थमेगी तेल और गैस ड्रिलिंग!

अमेरिका की फिश एंड वाइल्डलाइफ सेवा यानी मछली और वन्यजीव सेवा के अधिकारियों ने कहा कि प्राकृतिक गैस और तेल से भरपूर इस बेसिन में ऊर्जा संसाधनों के विकास, रेत खनन और जलवायु परिवर्तन इस जीव के लिए खतरा है। इस प्रजाति परिवार के 47 फीसदी जीव पहले ही लुप्त हो चुके हैं।

> अमेरिका के संघीय वन्यजीव अधिकारियों ने एक छिपकली को लुप्तप्राय घोषित किया है जिसका घर तेल और प्राकृतिक गैस के खजाने से भरे एक बेसिन में है। शुक्रवार को अधिकारियों ने दक्षिण-पूर्वी न्यू मेक्सिको और पश्चिमी टेक्सस के रेतीले इलाकों में पाई जाने वाली 2.5 इंच लंबी ड्यून्स सेजब्रश छिपकली को संकटग्रस्त जीवमान लिया।

वैज्ञानिकों के मुताबिक यह छिपकली केवल परमियन बेसिन में पाई जाती है और रेत के टीलों में शिनरी ओक पौधों के बीच रहती है। यहां के कीट-पतंगे और मकड़ियां उसका भोजन हैं। चरम तापमान वाली परिस्थितियों से बचने के लिए यह छिपकली रेत में ही गड्ढे खोदकर खुद को छिपाती है।

यह फैसला अमेरिकी सरकार, पर्यावरण संरक्षकों और तेल व गैस इंडस्ट्री के बीच दो दशक तक चले कानूनी और नीतिगत संघर्ष के बाद आया है। पर्यावरण कार्यकर्ताओं ने इसका स्वागत किया जबकि तेल और गैस इंडस्ट्री से जुड़े लोगों ने इसे जीवाश्म ईंधन के भावी उत्पादन के लिए खतरा कहा है। डिफेंडर्स ऑफ वाइल्डलाइफ संगठन के ब्रायन बर्ड ने कहा कि यह फैसला एक अनोखी प्रजाति के अस्तित्व के लिए जीवनरेखा जैसा है जिसकी एकमात्र गलती यह है कि वह उस इलाके में रहती है जिस पर जीवाश्म ईंधनों उद्योग पंजे गड़ाने को तैयार बैठा है। बर्ड ने अपने बयान में कहा, ड्यून्स सेजब्रश छिपकली बहुत लंबे वक्त से राजनीतिक और प्रशासनिक ऊहापोह झेल रही है जबकि उसकी संख्या लगातार गिरती जा रही है। परमियन बेसिन पेट्रोलियम असोसिएशन और न्यू मेक्सिको ऑयल एंड गैस असोसिएशन ने निराशा जाहिर करते हुए कहा कि छिपकली को संकटग्रस्त मान लिया जाना विज्ञान और राज्य प्रायोजित संरक्षण के काम की अनदेखी है जिसमें दोनों ही राज्यों ने लाखों डॉलर खर्च कर दिए हैं। इसमें वन्यजीव मैनजरों के साथ एक स्वैच्छिक समझौता भी शामिल है।

जीव विज्ञानी कहते हैं कि हल्के भूरे रंग की इस छिपकली का निवास स्थल बंट चुका है जिसके चलते इन्हें अपने आस-पास रहने वाली छिपकलियों के अलावा साथी ढूंढने का विकल्प नहीं मिलता। फिश एंड वाइल्डलाइफ सेवा ने कहा, भले ही तेल और गैस व रेत खनन उद्योग का आगे विस्तान ना हो लेकिन इस बिजनेस का वर्तमान फैलाव ही इतना है कि वह सेजब्रश छिपकली के रेतीले टीलों पर बुरा असरडालेगा। फिश एंड वाइल्डलाइफसर्विस ने छिपकली के लुप्तप्राय होने पर मुहर लगाते हुए कहा कि स्वैच्छिक समझौतों ने संरक्षण से जुड़े मामलों में फायदे पहुंचाए हैं और पहुंचाते रहेंगे, लेकिन प्राप्त सूचनाओं के आधार पर किए गए मूल्यांकन से हम इस नतीजे पर पहुंचे हैं कि इस तरह के कदमों के बावजूद ड्यून्स सेजब्रश छिपकली के लुप्त होने का जोखिम बहुत ज्यादा है। कई दूसरे कारकों के साथ ही, इस इलाके में सड़कों का नेटवर्क छिपकली की गतिविधियों को रोकता है और ट्रैफिक के कारण उनकी मौत की वजह बनता है। यही नहीं, औद्योगिक विकास के चलते इस जीव के प्राकृतिक निवास स्थल बुरा असर झेलता रहेगा और रेतीले टीलों के निर्माण की प्रक्रिया में बाधा डालता रहेगा।



नजरिया

# लखनऊ क्या फिर बनेगा रक्षा मंत्री राजनाथ का 'रक्षा कवच'

*उत्तर प्रदेश की लखनऊ लोकसभा सीट देश की सबसे चर्चित सीटों में शामिल रही है। प्रभु श्रीराम के अनुज लक्ष्मण की नगरी लखनऊ ने अपने लम्बी जीवन यात्रा में कई उतार-चढ़ाव देखे हैं। यहां मुगलों ने भी शासन किया। इसी दौर में अवध की शाम की चर्चा ता समुंदर पार तक होने लगी, लेकिन इसमें खट्टी-मीठी दोनों तरह के यादें शामिल हैं।*

अजय कुमार



तहजीब के इस शहर के आबो-हवा और सुकून के चर्चे तो दुनियाभर में मशहूर हैं। इसी के लिए लोग यहां खिंचे चले आते हैं। लखनऊ शहर की खासियत के बारे में यहां के मशहूर शायर अजीज लखनवी ने लिखा है- 'वो आबो-हवा, वो सुकून, कहीं और नहीं मिलता। मिलते हैं बहुत शहर, मगर लखनऊ-सा नही नहीं मिलता'। यहां के वर्तमान सांसद देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह हैं। भाजपा ने लगातार तीसरी बार राजनाथ सिंह को उम्मीदवार बनाया है। जबकि सपा ने इस बार रविदास मेहरोत्रा पर दांव लगाया है। वहीं बसपा ने अपने कोर वोटर के साथ अल्पसंख्यक मतदाताओं को रिझाने के लिए सरवर मलिक को चुनावी रण में उतारा है। इस बार यहां लड़ाई लगातार आठ बार से जीत हासिल कर रही भाजपा को अपना गढ़ बचाने की है और राजनाथ सिंह को अपने खुद की जीत की हैट्रिक लगाने की है।

लखनऊ के वोटर क्या तीसरी बार भी अपने सांसद और देश के रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के लिये रक्षा कवच बनेंगे यह 4 जून को नतीजे आने पर पता चलेगा। वहीं विपक्षी खेमा राजनाथ सिंह की हैट्रिक नहीं पूरी होने देने की तमन्ना पाले हुए है और भाजपा के मजबूत किला को तोड़ने की तैयारी कर रहा है। अगर लोकसभा चुनाव 2019 की बात करें तो भाजपा के राजनाथ सिंह ने सपा बसपा के संयुक्त उम्मीदवार रहे अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा की पत्नी पूनम सिन्हा को 3,47,302 वोट से हराकर जीत हासिल की थी। इस चुनाव में राजनाथ सिंह को 6,33,026 और पूनम सिन्हा को 2,85,724 वोट मिले थे। जबकि कांग्रेस के आचार्य प्रमोद कृष्णम को 1,80,011 वोट मिले थे। वहीं लोकसभा चुनाव 2014 में मोदी लहर के दौरान इस सीट पर पहली बार राजनाथ सिंह उतरे और कांग्रेस के दिग्गज नेत्री रहे रीता बहुगुणा जोशी को 2,72,749 वोट से हराकर जीत हासिल की थी। इस चुनाव में राजनाथ सिंह को 5,61,106 और रीता बहुगुणा जोशी को 2,88,357 वोट मिले थे। जबकि बसपा के नकुल दुबे को 64,449 और सपा के अभिषेक मिश्रा को 56,771 वोट मिले थे। वहीं आम आदमी पार्टी के सैयद जावेद अहमद जाफरी को 41,429 वोट मिले थे। लखनऊ लोकसभा क्षेत्र के जातीय समीकरण की बात करें तो यहां सामान्य और मुस्लिम वर्ग के मतदाता हैं। जिसमें ब्राह्मणों की संख्या अधिक है। इसके बाद मुस्लिम आबादी है, जिसमें शिया की संख्या ज्यादा है। फिर वैश्य समाज के मतदाता आते हैं। यहां कायस्थ वोटरों की भी अच्छी खासी संख्या है। इस सीट पर दलित और ओबीसी मतदाताओं की संख्या सामान्य और मुस्लिम वर्ग की तुलना में बेहद कम है।

बात अतीत की कि जाये तो 1951-52 में जब देश के पहले लोकसभा चुनाव हुए, उस वक्त उत्तर प्रदेश में लखनऊ जिला-बाराबंकी जिला और लखनऊ जिला मध्य नाम से दो सीटें थीं। लखनऊ जिला मध्य सीट से कांग्रेस की विजय लक्ष्मी पंडित जीती थीं। इसरी के साथ 1951 से लेकर 1984 तक दो बार के अलावा यहां से कांग्रेस की ही जीत का परचम फहराया। 1967 में निर्दलीय आनंद नारायण मुल्ला तो इमरजेंसी के बाद 1977 के आम चुनाव में भारतीय लोकदल से हेमवती नंदन बहुगुणा चुनाव जीते। देश में पहली बार 1951 में हुए आम चुनाव में कांग्रेस की विजय लक्ष्मी जो देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरु की बहन थीं, ने चुनाव जीता था।

1957 में पुलिन बिहारी बनर्जी, 1962 में बीके धवन,1971 और 80 में शीला कौल ने बतौर कांग्रेस प्रत्याशी यहां से जीत हासिल की। इसके बाद 1989 में जनता दल से मांधाता सिंह फिर 1991 से 2004 तक पांच बार यहां से बीजेपी के अटल बिहारी वाजेपयी सांसद रहे, लेकिन दो चुनावों में अटल जी को हार का भी सामना करना पड़ा था। अटल जी के राजनीति से सन्यास लेने के बाद 2009 में बीजेपी लालजी टंडन यहां से सांसद बने। तत्पश्चात 2014 और 2019 में बीजेपी के राजनाथ सिंह यहां से सांसद चुने गये। तीसरी बार भी वह लखनऊ से किस्मत अजमा रहे हैं। वहीं, सपा ने रविदास मेहरोत्रा को अपना प्रत्याशी है। लोकसभा सीट के तहत पांच विधानसभाएं आती हैं। 2022 के विधानसभा चुनाव में लखनऊ लोकसभा में पड़ने वाली पांच में से तीन विधानसभा सीटों पर भाजपा को जीत मिली थी। वहीं, दो सीटों पर सपा के उम्मीदवारों ने जीत दर्ज की थी।

बहरहाल, अतीत के पन्नों मो पलटा जाये तो पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी लगातार पांच बार यहां से सांसद रहे हैं। उसी दौरान यहां बीजेपी ने अपनी मजबूत पकड़ बना ली थी। उनके समय से ही इस सीट पर भाजपा का दबदबा हो गया, जो सिलसिला फिर रूका नहीं। यहां के वर्तमान सांसद देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह हैं। भाजपा ने लगातार तीसरी बार राजनाथ सिंह को उम्मीदवार हैं। कुल मिलाकर प्रदेश में भले ही शासन करने वाले राजनैतिक दल बदलते रहे हों, पर लोकसभा चुनाव में राजधानी में कांग्रेस और भाजपा का वर्चस्व रहा है। इस वर्चस्व के बावजूद लखनऊ की संसदीय सीट पर वर्ष 1967 में निर्दलीय प्रत्याशी की जीत का डंका बजा। उस समय आनंद नारायण मुल्ला ने कांग्रेस के वीआर मोहन को आसानी से मात दी थी। आनंद नारायण मुल्ला कश्मीरी ब्राह्मण थे। उनके पिता जगत नारायण मुल्ला मशहूर सरकारी वकील थे। आनंद नारायण वकालत करने के साथ ही उर्दू के कवि भी थे। उनकी रचनाओं पर उन्हें साहित्य अकादमी पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया।

वर्ष 1967 में जब लोकसभा चुनाव की घोषणा हुई तो उन्होंने भी पर्चा दाखिल किया। देश में उस समय कांग्रेस की लहर चल रही थी। इसके बावजूद स्थानीय स्तर पर उनकी लोकप्रियता चरम पर थी। इसी के बूते वे चुनाव में खड़े हो गए। चुनाव में कांग्रेस से उनके मुकाबले वेद रत्न मोहन मैदान में उतरे। वेद रत्न मोहन लखनऊ के पूर्व मेयर रह चुके थे तथा साधन-संपन्नता में भी कोई कमी नहीं थी। भारतीय जनसंघ से चुनाव में आरसी शर्मा को टिकट मिला था। रिजल्ट की घोषणा हुई तो पहले स्थान पर आनंद नारायण मुल्ला रहे और उन्हें 92,535 वोट मिले। दूसरे नंबर पर वेद रत्न मोहन थे, और उनके खाते में 71,563 वोट आए। वहीं आरसी शर्मा को 60,291 वोट मिले और वे तीसरे नंबर पर रहे। इस चुनाव में एक अन्य निर्दलीय प्रत्याशी का नाम भी चर्चा में था। सिटी मांटेसरी स्कूल के संस्थापक जगदीश गांधी ने भी निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ा था। इस चुनाव में उन्हें 9449 मत मिले। अलीगढ़ से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में विधानसभा चुनाव जीत चुके जगदीश गांधी ने इससे पहले वर्ष 1962 का लोकसभा का चुनाव भी लड़ा था। हालांकि उस बार भी उनको हार झेलनी पड़ी। चुनाव में 14774 वोट के साथ वे तीसरे नंबर पर रहे।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# चुनावी धांधली हुई तभी कश्मीर के बिगड़े हाल

अटल बिहारी वाजपेयी, वरिष्ठ नेता व सांसद



जम्मू-कश्मीर ने दहशत की खाई से मतदान की ऊंचाई तक लंबा सफर तय किया है। एक समय था, जब वहां चुनाव कराना आसान नहीं था। उसी दौर में लोकसभा में 22 अगस्त, 1995 को लंबी बहस हुई थी, जो आज के बदले हालात में मैं नहीं समझता, वहां (पीएमओ में) कोई कश्मीर का विशेषज्ञ है, कश्मीर का कोई अनुभवी अफसर है, कश्मीर से सतत संपर्क में रहने वाला कोई आदमी है। मैं नहीं जानता, प्रधानमंत्री जी कितना समय दे सकते होंगे। उन्होंने तो इतना भार उठा रखा है कि जब कोई संकट होता होगा, तो ही प्रधानमंत्री से बात होती होगी। अब स्थिति को सामान्य बनाने की बात हो रही है। उसके लिए लोगों के पास जाना पड़ेगा, लोगों में जो भय की भावना व्याप्त है, उसे निकालना पड़ेगा और लोगों को दृढ़ता के साथ समझदारी के रास्ते पर चलने के लिए प्रेरित करना पड़ेगा। वहां राजनीतिक नेता नहीं हैं। जो हैं, वे अधिक सक्रिय नहीं हैं।

जम्मू-कश्मीर हमारा भाग है, अटूट अंग है हमारा, और उसके विकास के लिए, उसकी रक्षा के लिए हम उन पर कोई खर्च करते हैं, तो हम उन पर कोई एहसान नहीं करते, अपने दायित्व का पालन करते हैं, पर धन ठीक तरह से खर्च हो, इसके लिए वहां प्रशासन चाहिए। प्रशासन में ईमानदार लोग चाहिए। न तो आतंकवादियों से डरने वाले लोग चाहिए और न आतंकवादियों के साथ सांठ-गांठ करने वाले लोग चाहिए। आम आदमी जैसा मैंने कहा, शांति चाहता है। वह तंग है। अंतरराष्ट्रीय मत में भी एक परिवर्तन हुआ है, पर हम अपने घर को तो ठीक करें, अपनी नीतियां तो प्रभावी बनाएं और नीतियों को क्रियान्वित करने का जो तंत्र है, उसे भी प्रभावी बनाएं। उपाध्यक्ष महोदय, हम आपात स्थिति से लड़ रहे हैं। वहां पांच साल से इमरजेंसी चल रही है, पर अभी तक हम इमरजेंसी से लड़ने का प्रभावी ढांचा तैयार नहीं कर सके हैं। भारतीय जनता पार्टी मांग करती रही है कि जम्मू-कश्मीर के बारे में भारत सरकार एक श्वेत-पत्र प्रकाशित करे।

वे सचमुच में कितनी स्वायत्तता चाहते हैं और क्यों चाहते हैं? कथित स्वायत्तता की कमी से उनके विकास में किसी तरह की बाधा पैदा नहीं हुई है, पर जो स्वायत्तता थी, उसका लाभ कुछ मुट्ठी भर नेताओं ने उड़ाया, आम आदमी ने नहीं, चाहे सब्सिडी का सवाल हो या अनुच्छेद 370 का सवाल हो। जब अनुच्छेद 370 पर संविधान परिषद में बहस हो रही थी, तो गोपालास्वामी आयंगर ने कहा था कि यह अस्थायी अनुच्छेद है। मैंने सदन में एक प्रस्ताव लाकर यह मामला उठाया था कि अनुच्छेद 370 को समाप्त किया जाए। तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने उस बहस का जवाब दिया था। उन्होंने कहा कि वाजपेयी जी, आप जरा जल्दी कर रहे हैं, अनुच्छेद 370 घिस रही है और घिसते-घिसते घिस जाएगी।

कश्मीर का आम आदमी यह चाहेगा कि वहां चुनाव निष्पक्ष हों, स्वतंत्र हो। इसके लिए वह हिन्दुस्तान के चुनाव आयोग के न्याय क्षेत्र के भीतर आना पसंद करेगा। अनुच्छेद 370 के अंतर्गत यही सुविधाएं हैं, इन्हीं का विस्तार किया गया है। वह कोई दीवार नहीं है, कोई रुकावट नहीं है। आतंकवादियों का जिस तरह से मुकाबला होना चाहिए, वैसे नहीं हो रहा है, इसलिए नहीं कि हमारे सुरक्षा बल मुकाबले के लिए तैयार नहीं हैं, पर इसलिए कि स्पष्ट निर्देश नहीं हैं। अगर वे कार्रवाई करते हैं, तो उन्हें दोष दिया जाता है और उन्हें कठघरे में खड़ा करने कोशिश की जाती है। इसलिए वे 'बचकर चलो' की नीति अपनाते हैं। इसलिए उनके मनोबल की रक्षा करना बहुत जरूरी है। वर्तमान में सरकार के पास कश्मीर नीति जैसी कोई नीति नहीं है। टुकड़ों में समस्याएं हल करने की कोशिश होती है। चुनाव की चर्चा हो रही है, मगर बंदूक का भय कायम है। ऐसे में, चुनाव कैसे होंगे? हम चाहते हैं कि चुनाव हों और स्वतंत्र चुनाव हों। 1989 में चुनाव में जो धांधली हुई, उसके कारण भी जम्मू-कश्मीर की स्थिति बिगड़ी। लोगों को भरोसा होना चाहिए कि उन्हें अपनी इच्छा से वोट डालने की छूट होगी।

**( लोकसभा में दिए गए उद्बोधन से )**

## चुनाव बहिष्कार की राजनीति इतिहास बनी

भारत के मुकुट कश्मीर के श्रीनगर संसदीय क्षेत्र में शांतिपूर्ण मतदान लोकतंत्र में आस्था की कहानी बयां कर रहा है। अपने बेहतर भविष्य की उम्मीदों को लेकर घरों से निकले मतदाताओं ने पिछले 28 वर्षों के मतदान का रिकॉर्ड तोड़ दिया।

इस बार तीन फीसद मतदान हुआ जबकि 2019 में 14.43 और 2014 में 25.86 फीसद मतदान हुआ था। 1996 में 40.94 फीसद मतदान हुआ था और यह वह समय था जब आतंकवादियों और अलगाववादियों ने चुनाव के बहिष्कार की अपील की थी, लेकिन सेना की मदद से लोग मतदान केंद्रों पर आने में समर्थ हुए थे। लेकिन इस बार श्रीनगर के लोग बेखौफ होकर घरों से बाहर आए और मताधिकार का प्रयोग किया। जम्मू-कश्मीर में संविधान का अनुच्छेद 370 निरस्त किए जाने के बाद यह पहला आम चुनाव है। दशकों से यहां लोग चुनाव बहिष्कार, आतंक और हिंसा के डर से घरों से बाहर नहीं निकला करते थे।

लेकिन अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद चुनाव बहिष्कार की राजनीति इतिहास बन गई है। श्रीनगर संसदीय क्षेत्र का दायरा पांच जिलों और 18 विधानसभा क्षेत्रों तक फैला है। हैरानी की बात यह है कि पुलवामा और शोपियां जैसे आतंकवादियों के गढ़ माने जाने वाले क्षेत्रों में पिछले चुनावों के मुकाबले इस बार मतदान अधिक हुआ। श्रीनगर संसदीय क्षेत्र के गंदरबल, बड़गाम, पुलवामा, शोपियां और त्राल जैसे इलाकों में मतदान का प्रतिशत बढ़ा है जो एक नया ट्रेंड दर्शाता है। इसका साफ संकेत है कि कश्मीर घाटी के लोग अनुच्छेद 370 निरस्त करने के केंद्र सरकार के फैसले के समर्थन में हैं।

यह इस बात से भी स्पष्ट होता है कि प्रतिकूल मौसम होने के बावजूद पोलिंग बूथ पर मतदाताओं की कतार लगी हुई थी। इससे यह भी साफ होता है कि यहां के लोगों ने विरोध के पक्ष में नहीं, बल्कि उम्मीद के पक्ष में वोट किया है। श्रीनगर में शांतिपूर्ण मतदान का होना और लोगों का उत्साहपूर्ण चुनाव प्रक्रिया में शामिल होने का यह भी अर्थ नहीं है कि यहां के क्षेत्रीय दलों और केंद्र सरकार के बीच विश्वास बहाली की प्रक्रिया पूरी तरह संपन्न हो गई है। नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी अनुच्छेद 370 और जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग कर रहे हैं। उम्मीद की जानी चाहिए कि लोक सभा के बाद विधानसभा के चुनाव में भी लोग इसी तरह उत्साह से वोट करते नजर आएंगे।

**( ये स्त्रोत आरएनएस से है )**

# एशियाई देश विश्व अर्थव्यवस्था में देंगे 60 प्रतिशत का योगदान

प्रहलाद सबनानी



वैश्विक स्तर पर आर्थिक क्षेत्र का परिदृश्य तेजी से बदल रहा है। अभी तक वैश्विक अर्थव्यवस्था में विकसित देशों का दबदबा बना रहता आया है। परंतु, अब अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के एक अनुमान के अनुसार वर्ष 2024 में भारत सहित एशियाई देशों के वैश्विक अर्थव्यवस्था में 60 प्रतिशत का योगदान होने की प्रबल सम्भावना है। एशियाई देशों में चीन एवं भारत मुख्य भूमिकाएं निभाते नजर आ रहे हैं। प्राचीन काल में वैश्विक अर्थव्यस्था में भारत का योगदान लगभग 32 प्रतिशत से भी अधिक रहता आया है। वर्ष 1947 में जब भारत ने राजनैतिक स्वतंत्रता प्राप्त की थी उस समय वैश्विक अर्थव्यस्था में भारत का योगदान लगभग 3 प्रतिशत तक नीचे पहुंच गया था क्योंकि भारतीय अर्थव्यवस्था को पहिले अरब से आए आक्राताओं एवं बाद में अंग्रेजों ने बहुत नुक्सान पहुंचाया था एवं भारत को जमकर लूटा था। वर्ष 1947 के बाद के लगभग 70 वर्षों में भी वैश्विक अर्थव्यवस्था में भारतीय अर्थव्यवस्था के योगदान में कुछ बहुत अधिक परिवर्तन नहीं आ पाया था। परंतु, पिछले 10 वर्षों के दौरान देश में लगातार मजबूत होते लोकतंत्र के चलते एवं आर्थिक क्षेत्र में लिए गए कई पारदर्शी निर्णयों के कारण भारतीय अर्थव्यवस्था को तो जैसे पंख लग गए हैं। आज भारत इस स्थिति में पहुंच गया है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में वर्ष 2024 में अपने योगदान को लगभग 18 प्रतिशत के आसपास एवं एशिया के अन्य देशों यथा चीन, जापान एवं अन्य देशों के साथ मिलकर वैश्विक अर्थव्यवस्था में एशियाई देशों के योगदान को 60 प्रतिशत तक ले जाने में सफल होता दिखाई दे रहा है।

भारत आज अमेरिका, चीन, जर्मनी एवं जापान के बाद विश्व की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। साथ ही, भारत आज पूरे विश्व में सबसे तेज गति से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्था है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में तो भारत की आर्थिक विकास दर 8 प्रतिशत से अधिक रहने की प्रबल सम्भावना बन रही है क्योंकि वित्तीय वर्ष 2023-24 की पहली तीन तिमाहियों में भारत की आर्थिक विकास दर 8 प्रतिशत से अधिक रही है, अक्टोबर-दिसम्बर 2023 को समाप्त तिमाही में तो आर्थिक विकास दर 8.4 प्रतिशत की रही है। इस विकास दर के साथ भारत के वर्ष 2025 तक जापान की अर्थव्यवस्था को पीछे छोड़ते हुए विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाने की प्रबल सम्भावना बनती दिखाई दे रही है। केवल 10 वर्ष पूर्व ही भारत विश्व की 11वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था था और वर्ष 2013 में मोर्गन स्टैनली द्वारा किए गए एक सर्वे के अनुसार भारत विश्व के उन 5 बड़े देशों (दक्षिण अफ्रीका, ब्राजील, इंडोनेशिया, टर्की एवं भारत) में शामिल था जिनकी अर्थव्यवस्थाएं नाजुक हालत में मानी जाती थीं।


आज भारत के सकल घरेलू उत्पाद का आकार 3.7 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का हो गया है। साथ ही, वस्तु एवं सेवा कर के संग्रहण में लगातार तेज वृद्धि आंकी जा रही है, जिससे भारत के वित्तीय संसाधनों पर दबाव कम हो रहा है और भारत पूंजीगत खर्चों के साथ ही गरीब वर्ग के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के लिए वित्त की व्यवस्था आसानी से कर पा रहा है। केंद्र सरकार के बजट में न केवल वित्तीय घाटा कम हो रहा है बल्कि आने वाले समय में केंद्र सरकार को अपने सामान्य खर्च चलाने के लिए ऋण लेने की आवश्यकता भी कम पड़ने लगेगी। दूसरे, अंतरराष्ट्रीय बाजार में भारतीय रुपए की कीमत लगातार स्थिर बनी हुई है, जिससे विदेशी निवेशकों का भारतीय अर्थव्यवस्था पर विश्वास भी बढ़ रहा है और भारत में विदेशी निवेश भी लगातार बढ़ता जा रहा है। तीसरे, भारत में मुद्रा स्फीति पर भी तुलनात्मक रूप से नियंत्रण पाने में सफलता मिली है। अन्य देश अभी भी मुद्रा स्फीति की समस्या से जूझ रहे हैं। आर्थिक क्षेत्र में उक्त कारकों के चलते भारतीय अर्थव्यवस्था की विकास दर 8 प्रतिशत से अधिक बने रहने की प्रबल सम्भावनाएं बनी रहेंगी। इसके ठीक विपरीत, जापान एवं जर्मनी की आर्थिक विकास दर या तो मंदी के दौर से गुजर रहीं हैं अथवा विकास दर बहुत कम अर्थात एक-दो प्रतिशत से भी कम बनी हुई है।

भारत के स्टील उद्योग, सिमेंट उद्योग एवं ऑटोमोबाइल निर्माण के क्षेत्र ने 10 प्रतिशत से अधिक की विकास दर हासिल कर ली है। डिजिटल आधारभूत ढांचे के निर्माण के क्षेत्र में तो भारत विश्व गुरु बन गया है और इससे आज भारत में 13400 करोड़ से अधिक के डिजिटल व्यवहार हो रहे हैं जो पूरे विश्व के डिजिटल व्यवहारों का 46 प्रतिशत है। जन-धन योजना के अंतर्गत खोले गए 50 करोड़ से अधिक बैंक खातों में आज 2.32 लाख करोड़ रुपए से अधिक की राशि जमा हो चुकी है, जो देश के आर्थिक विकास में अपना योगदान दे रही है। वर्ष 2013-14 से वर्ष 2022-23 के दौरान मुद्रा स्फीति की औसत दर 5 प्रतिशत की रही है जो वर्ष 2003-04 से वर्ष 2013-14 के दौरान औसत 8.2 प्रतिशत की रही थी। मुद्रा स्फीति कम रहने का सीधा लाभ देश के गरीब वर्ग को मिलता है।

साथ ही, अब तो आर्थिक विकास के साथ ही भारत में रोजगार के भी पर्याप्त अवसर निर्मित होने लगे हैं। स्कोच नामक संस्थान द्वारा जारी एक प्रतिवेदन में बताया गया है कि भारत में वर्ष 2014 से वर्ष 2024 के दौरान 51.4 करोड़ व्यक्ति वर्ष के नए रोजगार निर्मित हुए हैं। इसमें केंद्र सरकार द्वारा किये गए सीधे प्रयासों के चलते 19.79 करोड़ व्यक्ति वर्ष के रोजगार के अवसर भी शामिल हैं। शेष 31.61 करोड़ व्यक्ति वर्ष रोजगार के अवसर अपने व्यवसाय प्रारम्भ करने के उद्देश्य से बैंकों से लिए गए ऋण के चलते निर्मित हुए हैं। स्कोच नामक संस्थान द्वारा उक्त प्रतिवेदन 80 संस्थानों पर की गई रिसर्च (केस स्टडी) के आधार पर जारी किया गया है। सूक्ष्म एवं लघु स्तर के ऋण लेने वाले व्यक्तियों ने रोजगार के करोड़ों नए अवसर निर्मित किए हैं। इस प्रतिवेदन के अनुसार औसतन प्रत्येक सूक्ष्म संस्थान 6.6 रोजगार के नए अवसर निर्मित करता है।

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष, विश्व बैंक के बाद अब मूडीज ने भी भारत में आर्थिक विकास के संदर्भ में बताया है कि आने वाले कुछ वर्षों तक भारत की आर्थिक विकास दर विश्व में सबसे अधिक बने रहने की प्रबल सम्भावना बनी रहेगी। इस प्रकार, एक के बाद एक विभिन्न वैश्विक आर्थिक संस्थान भारत में आर्थिक विकास दर के मामले में अपने अनुमानों को लगातार सुधारते/बढ़ाते जा रहे हैं। इस प्रकार, आगे आने वाले समय में भारत का वैश्विक अर्थव्यवस्था में योगदान भी लगातार बढ़ता जाएगा और सम्भव है कि कालचक्र में ऐसा परिवर्तन हो कि भारत एक बार पुन: वैश्विक स्तर पर अपने आर्थिक योगदान को 32 प्रतिशत के स्तर तक वापिस ले जाने में सफल हो।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**











# श्रीकंचनपथ

छत्तीसगढ़



इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com
WWW.ONLYTDS.COM




## खास खबर

### जिला जेल गरियाबंद में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन

**गरियाबंद।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश रायपुर संतोष शर्मा के निर्देश पर तालुका विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो) एवं अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश यशवंत वासनीकर तथा न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी प्रशांत कुमार देवांगन एवं विधिक सह परिविक्षा अधिकारी किशोर न्याय बोर्ड शरदचंद निषाद की उपस्थिति में जिला जेल गरियाबंद में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान जेल अधीक्षक हितेन्द्र ठाकुर उपस्थित रहे। साक्षरता शिविर में अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश वासनीकर ने बताया कि जिला जेल में निरूद्ध बंदियों को अपने प्रकरण के विचारण हेतु गरीबी स्थिति के कारण अधिवक्ता नियुक्त नहीं कर पाने की स्थिति में विधिक सेवा प्राधिकरण से नि:शुल्क अधिवक्ता न्यायालय द्वारा उपलब्ध कराया जाता है। इसके अलावा उन्होंने जेल में निरूद्ध बंदियों को उनके अधिकारों के संबंध में बताया। न्यायाधीश किशोर न्याय बोर्ड/न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी प्रशांत कुमार देवांगन प्रधान द्वारा जेल में निरूद्ध बंदियों को समझाईश देते हुए अपराध की पुनर्रावृत्ति नहीं करने का संकल्प दिलाया एवं बंदियों को जेल नियमावली के अनुसार अनुशासन में रहने को कहा। शरदचंद निषाद द्वारा किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम के तहत लिपकिय त्रुटी वश जो आरोपी 18 वर्ष से कम उम्र के हैं और उन्हें जेल में निरूद्ध किया गया है।

### एकलव्य विद्यालय प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न

**मोहला।** अनुसूचित जनजाति के छात्र-छात्राओं हेतु संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में कक्षा छठवीं में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा का आयोजन दिनांक 18 मई को समय प्रात: 10:00 बजे से 12:00 बजे तक किया गया। जिले में कुल 120 सीटों के विरुद्ध 2048 विद्यार्थियों ने आवेदन किया था। कुल दर्ज 2048 विद्यार्थियों में से 1828 विद्यार्थी उपस्थित एवं 220 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। चयन परीक्षा हेतु जिले में कुल आठ परीक्षा केंद्र निर्मित किए गए थे। जिनमें 8 केंद्राध्यक्ष एवं 115 पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए थे। परीक्षा परिणाम की संभावित तिथि 5 जून 2024 है। इन विद्यालयों में चयनित विद्यार्थियों को नि:शुल्क आवासीय एवं अध्ययन की सुविधा प्रदान की जाती है।

### माता -पिता से प्राप्त संस्कारों से ही होता है, मनुष्य के व्यक्तित्व का निर्माण - यादव

**पिथौरा।** विधायक और छत्तीसगढ़ सरकार के पूर्व संसदीय सचिव द्वारिकाधीश यादव ने कहा कि माता-पिता से प्राप्त संस्कारों से ही मनुष्य के व्यक्तित्व का निर्माण होता है। महासमुंद जिले के पिथौरा निवासी स्वर्गीय श्रीमती रेवारानी दास और उनके पति स्वर्गीय चन्द्रनाथ दास ने अपने बच्चों को अच्छे संस्कार दिए ,जिनके फ्लस्वरूप आज उनके बच्चे प्रबुद्ध और जिम्मेदार नागरिक बनकर समाज के विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर सेवाएँ दे रहे हैं। खल्लारी क्षेत्र के विधायक द्वारिकाधीश यादव बीती शाम पिथौरा के अग्रसेन भवन में स्थानीय वरिष्ठ नागरिक स्वर्गीय श्रीमती रेवारानी दास की स्मृति में आयोजित श्रद्धांजलि सभा को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने स्वर्गीय श्रीमती रेवारानी दास को श्रद्धांजलि अर्पित हुए उनके शोकाकुल परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट की । सरायपाली सहित सीमावर्ती ओड़िशा राज्य के नागरिकों ने भी दो मिनट का मौन धारण कर स्वर्गीय रेवारानी दास को श्रद्धांजलि अर्पित की।

## सामान खरीदी करने पर रसीद जरूर मांगे उपभोक्ता

श्रीकंचनपथ न्यूज

सारंगढ़ बिलाईगढ़ । आज के समय में उपभोक्ताओं का जागरूक होना आवश्यक है। कोई भी व्यक्ति जो किसी सेवा के बदले शुल्क भुगतान करते हैं, वे उपभोक्ता कहलाते हैं। उपभोक्ता को कोई भी समान खरीदने के बाद रसीद जरूर मांगना चाहिए। यह उपभोक्ता का पहला अधिकार है। आज क़े दौर में असली नकली का फर्क करना मुश्किल है। कई उपभोक्ता को गलत सामान दे दिए जाते हैं, जिससे उपभोक्ता को क्षति होती है।



उपभोक्ता सेवा में त्रुटि होना गलत है। ऐसे में सेवा प्रदाता, निर्माता, विक्रेता के खिलाफ क्षतिपूर्ति के लिए जिला आयोग में परिवाद दाखिल किया जा सकता है। आनलाइन हेल्पलाइन 1915 या टोल फ्री नंबर 1800114000 से सहायता ले सकते हैं। प्रत्येक जिले में उपभोक्ता प्रतितोष आयोग कार्य कर रहा है। पहले इसे जिला उपभोक्ता फोरम के नाम से जाना जाता था। इसमें बिजली, टेलीफोन, रेल, डाक सहित अन्य मामले में भी परिवाद दाखिल किया जा सकता है। जबसे लोग पैदा होते हैं उपभोक्ता हो जाते हैं। अभी डिजिटल युग में जरूरत है, गांव- गांव में जागरूकता शिविर आयोजित करने की। एक किसान से लेकर अधिकारी तक उपभोक्ता हैं। जानकारी के अभाव में लोग अपनी बात उचित फोरम पर नहीं रख पाते हैं। अब डिजिटल माध्यम से भी उपभोक्ता अपनी शिकायत उपभोक्ता फोरम में दाखिल कर सकते हैं।

उपभोक्ता न्यायालय बहुत सरल और त्वरित न्याय प्रदान करते हैं। यह कोर्ट सिविल न्यायालय के केस प्रक्रिया से आसान हैं। इनमें वकील अथवा किसी अन्य तर्क देने वाले की कोई आवश्यकता नहीं है और उपभोक्ता स्वयं ही अथवा अपने प्रतिनिधि के माध्यम से मामला दायर कर सकता है और अपनी शिकायत प्रस्तुत कर सकता है।

उपभोक्ता द्वारा,किसी स्वैच्छिक उपभोक्ता संगठन द्वारा, केन्द्र सरकार अथवा राज्य सरकार द्वारा,जहां समान हित रखने वाले अनेक उपभोक्ता हों, एक अथवा अधिक उपभोक्ताओं द्वारा और किसी उपभोक्ता की मृत्यु हो जाने की दशा में उसके कानूनी उत्तराधिकारी अथवा प्रतिनिधि द्वारा शिकायत दायर की जा सकती है।

यदि वस्तुओं अथवा सेवाओं का मूल्य और दावा की गई क्षतिपूर्ति, यदि कोई है, की राशि 20 लाख रुपए तक हो तो जिला आयोग में, यदि 20 लाख रुपए अधिक किन्तु 1 करोड़ रुपए से कम हो तो राज्य आयोग में, और 1 करोड़ रुपए से अधिक हो तो राष्?ट्रीय आयोग में शिकायत दायर की जा सकती है।

शिकायत के आवदेन में शिकायतकर्ता का नाम, विवरण और पता, प्रतिपक्ष अथवा पक्षों का नाम, विवरण और पता, शिकायत से संबंधित तथ्य और यह कब और कहां उत्पन्न हुई, आरोपों, यदि कोई हों, के समर्थन में दस्तावेज, राहत जो शिकायतकर्ता प्राप्त करना चाहता उसे सामान्य अपने ज्ञान के मुताबिक लिखना चाहिए।

जिला उपभोक्ता आयोग/राज्य आयोग/राष्ट्रीय आयोग के समक्ष दायर की जाने वाली प्रत्येक शिकायत के साथ, यथानिर्धारित शुल्क, किसी राष्ट्रीयकृत बैंक के रेखांकित डिमांड ड्राफ्ट अथवा रेखांकित भारतीय पोस्टल ऑर्डर के रूप में संलग्न होना चाहिए।

## समर कैंप बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए बहुत उपयोगी : कलेक्टर




श्रीकंचनपथ न्यूज

**गरियाबंद ।** राज्य शासन के स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जारी निर्देशानुसार एवं कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले के पांचों विकासखण्ड के सात शालाओं में संचालित पीएमश्री स्कूल के बच्चों के समर कैंप का आयोजन 16 से 18 मई तक आदर्श कन्या आश्रम बारूका में किया गया। जिसमें बच्चों को विभिन्न विधाओं में प्रशिक्षण दिया गया। बच्चों ने विभिन्न गतिविधियों में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। आज समर कैंप के समापन कार्यक्रम में कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने बच्चों से विभिन्न विधाओं में सीखें गए कलाओ की जानकारी ली।

इस दौरान उन्होंने अपने उद्बोधन में ऐसे समर कैंप को बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए बहुत ही उपयोगी बताया। शिक्षकों को ऐसे कार्यक्रम के लिए प्रोत्साहित भी किया।

कलेक्टर अग्रवाल ने समर कैंप के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया। साथ ही बच्चों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं भी दी। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी ए.के. सारस्वत, डीएमसी के एस नायक सहित शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। समर कैंप के आज तृतीय एवं अंतिम दिवस में संगीत, नृत्य, ड्राइंग पेंटिंग, लेखनकार्य, मेहंदी, नाटक,आदि विधाओं के साथ साथ कबड्डी, खो-खो, बैडमिंटन, शतरंज, लूडो एवं कैरम खेल की बारीकियों से भी बच्चों को अवगत कराया गया।

## स्वास्थ्य केंद्रों में संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के दिये निर्देश

श्रीकंचनपथ न्यूज

**गरियाबंद।** कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए ।उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा बीएमओ को निर्देशित किया कि स्वास्थ्य विभाग के अधीनस्थ कर्मचारियों,मैदानी स्तर के अमलों के साथ समन्वय स्थापित कर जिले में स्वास्थ्य सुविधा को बेहतर बनाने के निर्देश दिए ।इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सहित सभी विकासखंड के बीएमओ, संबंधित नोडल अधिकारी, बीपीएम,मितानीन प्रभारी उपस्थित थे।

कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत संचालित सभी योजनाओं की कार्य प्रगति की जानकारी लेते हुए योजनाओं के संचालन में प्रगति लाने हेतु आवश्यक कार्य योजना तैयार कर प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया ।उन्होंने कहा कि आम लोगों के लिए स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सा सेवा अनिवार्य रूप से उपलब्ध हो,इसका पालन सुनिश्चित करें ।कलेक्टर ने स्वास्थ्य केन्द्रों में गर्भवती महिलाओं का नियमित पंजीकरण,मातृत्व सुरक्षा अभियान अन्तर्गत नियमित जांच एवं आवश्यक परामर्श प्रदान करने के साथ ही संस्थागत प्रसव, टीकाकरण,बाल पोषण सहित अन्य योजनाओं में लक्ष्यानुसार प्रगति लाने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सुविधाओं में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी ।सभी मरीजों को अस्पताल के व्यवस्था अनुरूप चिकित्सकीय सुविधाएं उपलब्ध कराये।

## राजधानी में लगेगा चिल्ड्रन मार्केट

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर ।** दीवारों पर तो कहीं किताबों पर नन्हें हाथों से ड्राइंग करते बच्चे दिखाई दे रहे हैं। कोई गा रहा है तो कोई डांस कर रहा है तो कोई अभिनय कर रहा है। पत्तों से कलाकारी सब्जियों से चित्रकारी रंगीन चावल की कला मिट्टी से खिलौना निर्माण धागे से डिजाइन बनाना, मुखौटा निर्माण । अलग-अलग भाव के साथ बच्चों के चेहरे पर विजय मुस्कान दिखाई दे रही है। यह नजारा है राज्य की स्कूलों का है।



गर्मी की छुट्टियों में पहली बार स्कूल शिक्षा विभाग ने समर कैंप का आयोजन करने कहा है और कुछ स्कूली बच्चों ने इसे शुरू कर दिया है। बच्चों में रचनात्मकता के लिए सकारात्मक व नवाचारी पहल की गई है। इनमें रायपुर, बस्तर, दुर्ग, बिलासपुर व सरगुजा संभाग तक बच्चे खुशनुमा माहौल में खेल-खेल में बुनियादी साक्षरता व संख्या ज्ञान सीखने की ओर कदम बढ़ा रहे हैं। रायपुर के दो स्कूल जेआर दानी कन्या स्कूल और सप्रे शाला में समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें स्पोकन इंग्लिश, कैलीग्राफी, रूबिक्स, साईस माडल, हैंडीक्राफ्ट, योगा एवं ध्यान, बेस्ट आउट आफ बेस्ट, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंट, पेंटिग, बांसुरी वादन, नृत्य गायन, कठपुतली, मेहंदी, शतरंज, रोप स्कीपिंग, वालीबाल, खो-खो, फुटबाल जैसे अनेक विधाओं का प्रशिक्षण बच्चों को दिया जा रहा है। इस समर कैंप को लेकर बच्चों में भारी उत्साह है, काफी बच्चे बढ़-चढ़कर हिस्सा भी ले रहे हैं।

मनोरंजन के साथ स्वस्थ वातावरण है उद्देश्य समर कैंप का उद्देश्य बच्चों का मनोरंजन के साथ स्वस्थ वातावरण में उनकी छिपी हुई प्रतिभा को उभारना और उनमें आत्मविश्वास को बढ़ावा देना है समर कैंप को सफल बनाने प्रतिदिन एक-एक कड़ी जोड़ी जा रही है। शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत एनजीओ को जहां प्रदेश में स्वेच्छा से समर कैंप आयोजित करने कहा गया है वही खेल संघो और अन्य संस्थाओं को भी इस कार्यक्रम से जोड़ा जा रहा है।

## नवीन कानून पर एक दिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बालोद ।** पुलिस द्वारा महेश्वरी भवन बालोद में पुलिस अधिकारियों को नवीन कानून के संबंध में हुए संशोधनों से अवगत कराने के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया द्य कार्यक्रम की शुरुआत पुलिस अधीक्षक एवं कार्यशाला में उपस्थित अन्य अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया।




कार्यक्रम की रूपरेखा और उद्देश्य से अवगत कराने के लिए माननीय सीजेएम संजय सोनी, एडिशनल एसपी अशोक जोशी, पुलिस अधीक्षक एस आर भगत द्वारा उद्बोधन दिया गया ,आदरणीय आईजीपी दुर्ग रेंज राम गोपाल गर्ग द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जुड़कर कार्यशाला में उपस्थित सभी लोगों को सारगर्भित रूप में नवीन कानून के संबंध में अवगत कराते हुए कार्यशाला के लिए शुभकामनाएं दिए।

कार्यक्रम की मुख्य वक्ता के रूप में कलिंगा विश्वविद्यालय के कानून विभाग से आए सहायक प्राध्यापक सलोनी त्यागी ने भारतीय न्याय संहिता पर विस्तार से चर्चा किया बाद सहायक प्राध्यापक सुरभि अग्रवाल ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता एवं सहायक प्राध्यापक आकांक्षा चौधरी ने भारतीय साक्ष्य संहिता पर विस्तार से परिचर्चा किया।

इस दौरान विवेचको के द्वारा सवाल करके अपना शंका समाधान भी किया गया। संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन एसडीओपी बालोद देवांश सिंह राठौर द्वारा किया गया। उक्त कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आईजीपी दुर्ग रेंज रामगोपाल गर्ग, पुलिस अधीक्षक एस आर भगत, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक जोशी, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट संजय सोनी, डीडीपी पेमेंद्र बैसवाड़े , जिला अभीयोजन अधिकारी अजय सिंह, डीएसपी नवनीत कौर, गीता वाधवानी , डॉक्टर चित्रा वर्मा , राजेश बागडे , बोनीफ़स एक्का, दीपक भगत राजपत्रित अधिकारी गण एवं जिले के थानों एवं चौकी के थाना प्रभारी एवं विवेचक सम्मिलित हुए ।

## नशा मुक्ति केंद्र सूरजपूर में टीबी जागरुकता

श्रीकंचनपथ न्यूज

सूरजपूर। उप संचालक बी तिर्की समाज कल्याण विभाग सूरजपूर के मुख्य अतिथिय में नशामुक्ति केंद्र सूरजपूर में टीबी जागरूकता का आयोजन पिरामल फाऊंडेशन स्वास्थ्य विभाग एवं छत्तीसगढ़ सबरी सेवा संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। इस आयोजन सुत्रधार समाज सेवी सुरेन्द्र साहु रहे।



कलेक्टर सुरजपुर द्वारा नि-क्षय सूरजपुर के लिए महाअभियान की शुरुआत किया जा चुका है जिस तारतम्य में पंचायत से लेकर जिला स्तर तक के सभी शासकीय और गैर-सरकारी संगठनों से समन्वय स्थापित कर पिरामल फाऊंडेशन और स्वास्थ्य विभाग विभिन्न गतिविधियों का आयोजन आयेदिन कर रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा जिला क्षय अधिकारी के संयुक्त मार्गदर्शन में अभियान संचालित है। इस अभियान के विषय में छत्तीसगढ़ सबरी सेवा संस्थान को जानकारी हुआ तो वहां के संस्था प्रमुख सुरेन्द्र साहु ने पिरामल फाऊंडेशन के जिला कार्यक्रम समन्वयक राज नारायण द्विवेदी से सम्पर्क कर आमंत्रित किया। जागरूकता के साथ-साथ लोगों का स्पूटम कलेक्शन कर टीबी का जांच भी करवाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमती बी तिर्की ने कहा कि टीबी की बिमारी से निजात पाने के लिए टीबी को समाज से समूल नष्ट करना होगा और यह कैसे समूल नष्ट होगा इसके विषय में सिर्फ स्वास्थ्य विभाग ही नहीं सोचेगा, समाज के सभी वर्ग समुदाय के मुखिया को आगे आना चाहिए।

पारे मुहल्ले के संदेहास्पद ज्यादा से ज्यादा व्यक्ति का जांच हो तब जाकर हम अपने राष्ट्र को टीबी मुक्त बना पायेंगे। पिरामल फाऊंडेशन इस दिशा में अच्छा कार्य कर रहा हम सभी सहयोग करेंगे। जिला क्षय उन्मूलन केन्द्र के जिला कार्यक्रम समन्वयक संजीत कुमार ने कहा की नशा नाश का जड़ है नशा का लत से घर परिवार और समाज का विनाश होता है। नशा का प्रभाव सीधे रूप से फेफड़ा लीवर हृदय आदि पर पड़ता है जिससे विभिन्न प्रकार की बिमारियों का जन्म होता है जिसमें एक टीबी बिमारी भी है। सबरी सेवा संस्थान सूरजपुर जिला में नशामुक्ति के लिए अच्छा पहल कर रहा है इस संस्थान के सम्पर्क में आने वाले सभी सम्भावित टीबी पेसेंटों का जांच करवायेंगे और हर सम्भव सूरजपूर को टीबी मुक्त जिला बनायेंगे। पिरामल फाऊंडेशन के जिला कार्यक्रम अधिकारी महेन्द्र तिवारी ने कहा की नशा और बिमारी का सम्बन्ध बहुत पुराना है कई बिमारियों का जड़ नशा है आज का संयोग इस लिए सुखद है कि अब हमलोग समाज कल्याण विभाग के साथ भी मिल कर नि-क्षय सूरजपुर के सपनों को साकार करेंगे।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए पिरामल फाऊंडेशन के जिला कार्यक्रम समन्वयक राज नारायण द्विवेदी ने कहा कि स्वास्थ्य समाज के निर्माण में गैर-सरकारी तंत्रों की अहम् भूमिका है।

विभिन्न समाज के मुखिया और प्रभावशाली व्यक्तियों से मिलकर हमलोग निवेदन करेंगे कि टीबी मुक्त समाज और नशा मुक्ति समाज के निर्माण हेतु आगे आये और सहयोग करें। इस कार्यक्रम में आर्थिक सहयोग की आवश्यकता नहीं है बल्कि जहां भी जाये टीबी मुक्त भारत की बातें रखें इससे जागरूकता आयेगी और हमारा समाज टीबी मुक्त बन जायेगा। कार्यक्रम में प्रश्नोत्तरी के माध्यम से वार्तालाप, टीबी मुक्त भारत के लिए जयघोष का नारा एवं सपथ भी दिलाया गया। आभार प्रदर्शन नशा मुक्ति केंद्र के अधिक्षक योगेश गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में विशिष्ट सहयोग समाज कल्याण विभाग के महेश सिंह का रहा।


Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65




Premier sales
8959493000
A Leela Electronics
9425507772
Reena Electronics
9329132299
Shree Electronics
7000827361
CONTACT
Maa Durga Electronics
9827183839
Rohit Electronics
94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

## खास खबर...

### स्वामी आत्मानंद स्कूल के संविदा कर्मियों को तीन माह से वेतन नहीं : पॉल



**रायपुर ( ए. )।** प्रदेश में 403 स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट स्कूलों में लगभग पांच हजार संविदा कर्मचारियों को विगत तीन माह से वेतन नहीं दिया जा रहा है। वहीं इन स्कूलों में प्रतिनियुक्ति पर पदस्थ शासकीय कर्मचारियों को प्रतिमाह वेतन मिल रहा है, जिसको लेकर छत्तीसगढ़ पैरेंट्स एसोसियेशन के प्रदेश अध्यक्ष क्रिष्टोफर पॉल ने नवपदस्थ संचालक महोदया दिव्या मिश्रा को पत्र लिखकर तत्काल राशि आंबटित करने की मांग की गई है।

पॉल ने बताया कि पांच हजार संविदा कर्मचारियों को तीन माह से वेतन नहीं मिलने से उनकी आर्थिक स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। शिक्षकों के समक्ष पारिवारिक समस्याएं बढ़ती जा रही हैं। कई शिक्षकों का बैंक का लोन है, उनके बच्चों के स्कूलों की फीस और घर के अन्य खर्चो को लेकर अब वे चिंतत हो रहे है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी इन संविदा कर्मचारियों को समय पर प्रतिमाह वेतन देने गंभीर नहीं है। विडंबना है कि ऐसी परिस्थिति में भी विभाग इन शिक्षकों से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की अपेक्षा रख रहा है।

### गुढ़ियारी थाना प्रभारी हुए सम्मानित

**रायपुर ( ए. )।** दपूम रेलवे रायपुर में गुरुवार को भारतीय रेल यातायात सेवा के अधिकारी अवधेश कुमार त्रिवेदी, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर ने गुढ़ियारी थाना प्रभारी केके कुशवाह को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। केके कुशवाह गुढ़ियारी थाना द्वारा रेलवे स्टाफहार्दिक दास (एम टी एस) के साथ हुई मारपीट की घटना पर त्वरित संज्ञान लेते हुए उसका फोन दिलवाने में केस को त्वरित समाधान कर उनके कार्य समर्पण के लिए उनकी सराहना की। इस तरह के रेलवे परिसर में सामाजिक अपराधिक गतिविधियों पर त्वरित संज्ञान प्रशंसनीय कार्य हैं। इस अवसर वाणिज्य विभाग के अधिकारी भी उपस्थित रहे।



अग्रसेन कॉलेज में 'योग की उपादेयता' पर तीन-दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी संपन्न

# निरोगी जीवन के लिए योग जरुरी



**रायपुर ( ए. )।** अग्रसेन महाविद्यालय में योग विभाग तथा आईक्यूएसी द्वारा संयुक्त रूप से 'आधुनिक जीवन शैली और योग की उपादेयता' विषय पर आयोजित तीन-दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी शनिवार को संपन्न हुई। संगोष्ठी के अंतिम दिन के सत्र का शुभारम्भ रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय के डॉ. केवलराम चक्रधारी तथा महाराजाधिराज अग्रसेन शिक्षण समिति के अध्यक्ष एवं महाविद्यालय के डायरेक्टर डॉ. वीके अग्रवाल तथा जैतुसाव मठ के न्यासी सदस्य महेंद्र अग्रवाल की उपस्थिति में हुआ।

अपने संबोधन में रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय के डॉ. केवलराम चक्रधारी ने कहा कि वर्तमान जीवनशैली आधुनिक रहन-सहन को अपनाने के कारण अनुशासनहीन हो गई है। इसी वजह से शरीर और मन के स्तर पर अनेक प्रकार की बीमारियाँ होने लगी हैं। ऐसे में योग को जीवनचर्या में शामिल कर हम इस खतरे से खुद को बचा सकते हैं। उन्होंने योग के आध्यात्मिक पहलुओं की भी चर्चा की।

रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय में योग विभाग के प्राध्यापक डॉ. कप्तान सिंह ने कहा कि योग हमारे देश में प्राचीन काल से जीवन पद्धति के रूप में प्रचलित रहा है। लेकिन जैसे-जैसे तकनीकी आविष्कारों के कारण जीवन की व्यवस्थाएं सरल होती गई, मनुष्य योग-अभ्यास से विमुख होता चला गया। इसका परिणाम यह हुआ कि व्याधियों से शरीर रुग्न होने लगा। इस समस्याओं का समाधान योग से ही संभव है। इसलिए अपने दैनिक जीवनचर्या में योग अभ्यास को अनिवार्य रूप से शामिल करना चाहिए।

महाराजाधिराज अग्रसेन शिक्षण समिति के अध्यक्ष तथा महाविद्यालय के डायरेक्टर डॉ वीके अग्रवाल ने कहा कि योग न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है, बल्कि यह मन मस्तिष्क को भी चैतन्य रखता है। वास्तव में योग को अपनाने से हमारा जीवन सदैव सकारात्मक उर्जा से भरपूर बना रहता है। महाराजाधिराज अग्रसेन शिक्षण समिति के सचिव तथा महाविद्यालय के एडमिनिस्ट्रेटर एवं वाणिज्य संकाय प्रमुख इस तीन दिवसीय संगोष्ठी में आमंत्रित विशेषज्ञों को उनके उपयोगी विचारों के लिए साधुवाद दिया। वहीं आभार प्रदर्शन करते हुए प्राचार्य डॉ. युलेन्द्र कुमार राजपूत ने योग विशेषज्ञों की प्रस्तुति समस्त प्रतिभागियों के लिए प्रेरक बताते हुए इसे आत्मसात करने की सलाह दी। संगोष्ठी में शामिल समस्त प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी दिए गए। कार्यक्रम का संयोजन आईक्यूएसी की प्रमुख डॉ. डॉली पाण्डेय एवं योग विभाग की प्रमुख डॉ. मंजू सिंह ठाकुर ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों ने भी अपनी सक्रिय भागीदारी निभाई।

# बच्चों में छुपी प्रतिभा और हुनर को निखार रहा समर कैंप

## राज्य के सभी स्कूलों में आयोजित हो रहे कैंप



**रायपुर ( ए. )।** कहीं दीवारों पर तो कहीं किताबों पर नन्हे हाथों से ड्राइंग करते दिखाई दे रहे हैं बच्चे। कोई गा रहा है, कोई डांस कर रहा है और कोई अभिनय। पत्तों से कलाकारी, सब्जियों से चित्रकारी, रंगीन चावल की कला, मिट्टी से खिलौना निर्माण, धागे से डिजाइन बनाना और मुखौटा निर्माण जैसी रोचक गतिविधियों में बच्चे डूबे हुए हैं। अलग-अलग भाव के साथ बच्चों के चेहरे पर विजय मुस्कान दिखाई दे रही है।

यह नजारा है छत्तीसगढ़ राज्य की स्कूलों का। गर्मी की छुट्टियों में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। विभाग के सचिव सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी ने बच्चों में रचनात्मकता के लिए सकारात्मक व नवाचारी पहल की है। बस्तर, दुर्ग, रायपुर, बिलासपुर व सरगुजा संभाग तक बच्चे खुशनुमा माहौल में खेल-खेल में बुनियादी साक्षरता व संख्या ज्ञान सीखने की ओर कदम बढ़ा रहे हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की सिफारिश को छत्तीसगढ़ के स्कूलों के माध्यम से बालक-पालक व शिक्षकों तक पहुंचाने का यह अनूठा तरीका है।

स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित इस समर कैंप का उद्देश्य बच्चों का मनोरंजन के साथ स्वस्थ वातावरण में उनकी छिपी हुई प्रतिभा को उभारना और उनमें आत्मविश्वास को बढ़ावा देना है। समर कैंप को सफल बनाने सचिव परदेसी द्वारा प्रतिदिन एक-एक कड़ी जोड़ी जा रही है। शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत एनजीओ को जहां प्रदेश में स्वेच्छा से समर कैंप आयोजित करने कहा गया है। वहीं खेल संघो एवं अन्य संस्थाओं को भी इस कार्यक्रम से जोड़ा जा रहा है। यह उल्लेखनीय है कि समर कैंप बच्चों के एक साथ आने और मौज मस्ती करने का एक विशेष शिविर है। वे घर से दूर सुरक्षित वातावरण में नए साहसिक प्रयास करते हैं और नई चीज सीखते हैं। इस प्रकार उनमें स्वतंत्रता की भावना विकसित होती है। वे नए दोस्त भी बनाते हैं और मेल जोड़ बढ़ाते हैं, जिससे उनके सामाजिक कौशल और आत्मविश्वास का विकास होता है।

राज्य में ग्रीष्मकालीन अवकाश में समर कैंप का आयोजन सुबह 7 से 9.30 बजे तक आयोजित किया जा रहा है। यह कैंप पूर्णत: स्वैच्छिक है। बच्चों के लिए यह बहुत अच्छा कार्यक्रम है। सभी बच्चों में कुछ न कुछ प्रतिभा होती है। बच्चों की प्रतिभा को प्रोत्साहित करने से उनका परिणाम भी बेहतर होता है। स्कूल शिक्षा विभाग के कुशल मार्गदर्शन में लोक शिक्षण संचालक श्रीमती दिव्या उमेश मिश्रा के संयोजन में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के त्वरित क्रियान्वयन के लिए संभाग व जिले के अधिकारियों को प्रशासनिक व वित्तीय प्रशिक्षण भी प्रशासन अकादमी के माध्यम से प्रदान किया जा रहा है।

### गरिमा गृह में राधा-कृष्ण मंदिर स्थापित



**रायपुर ( ए. )।** ट्रांसजेंडर के सशक्तिकरण के लिए सरोना में स्थापित आवास स्थल गरिमा गृह प्रांगण में नवनिर्मित राधा-कृष्ण मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के तहत विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का विधिवत आोजन किया जा रहा है। शनिवार को गरिमा गृह सरोना में भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया।

छत्तीसगढ़ मितवा संकल्प समिति की संस्थापिका रवीना बरिहा एवं विद्या राजपूत ने बताया कि वैश्विक चैतन्य जागृति मिशन के तत्वावधान में लायसं क्लब, जलविहार कालोनी और गायत्री शक्तिपीठ समता कॉलोनी रायपुर के सहयोग से सरोना स्थित गरिमा गृह में भव्य राधा-कृष्ण मंदिर का निर्माण किया गया है। गायत्री परिवार समता कालोनी के मार्गदर्शन एवं छत्तीसगढ़ मितवा संकल्प समिति के सहयोग से तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। 17 मई को मंडल पूजा और जलाधिवास के उपरांत 18 मई को अन्नाधिवास, फ्लाधिवास, शर्कराधिवास, औषधिवास, शैय्याधिवास और कलश यात्रा का आयोजन किया गया।

### श्रीमती ज्योति परमाले को विद्यावाचस्पति की उपाधि



**रायपुर ( ए. ) ।** शंकर शिव नारायण साहित्य, ग्राम बलिवन सागर, गोपाल गंज बिहार (भारत) थावे विद्यापीठ के दीक्षांत समारोह में उप कुलसचिव डा. गिरधारी लाल अग्रवाल व्दारा श्रीमती ज्योति परमाले को उनकी सदीर्घ हिन्दी सेवा. सारस्वत साधना कला के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धियो. शोधकार्य तथा राष्ट्रीय अन्तर्राष्ट्रीय प्रतिष्ठा के आधार पर इस विदयापीठ की अकादमिक परिषद् की अनुशंसा पर विद्यावाचस्पति की उपाधि प्रदान की गई ।

# आत्मा को परमात्मा बनाने का पुरुषार्थ है भगवान महावीर स्वामी की तप साधना : श्रेयश जैन



### दिगंबर जैन बड़ा मंदिर में मनाया गया भगवान महावीर का तप कल्याणक दिवस

**रायपुर ( ए. )।** आदिनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर मालवीय रोड रायपुर के जिनालय में वैशाख शुक्ल दशमी 18 मई को प्रात: 8.30 बजे पार्श्वनाथ भगवान की बेदी के समक्ष 24 वे तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी तप कल्याणक दिवस भक्तिमय वातावरण में मनाया गया। पूर्व उपाध्यक्ष श्रेयश जैन बालू ने बताया की आज सर्वप्रथम 8.30 बजे मंगलाष्टक पाठ प्रारंभ कर भगवान महावीर की खड्गासन जिनप्रतिमा को विराजमान किया गया। शुद्ध प्रासुक जल से उपस्थित सभी धर्म प्रेमी बंधुओ ने जिन प्रतिमा का विनय भाव से अभिषेक किया। साथ ही साथ आज की रिद्धि सिद्धि सुख शांति प्रदाता लघु शांति धारा करने का सौभाग्य प्रदीप जैन चाइल्ड केयर वालो को प्राप्त हुआ।

तत्पश्चात आरती कर अष्ट द्रव्यों से देव शास्त्र गुरु पूजन एवं महावीर स्वामी पूजन कर तप कल्याणक दिवस मनाया गया। जैन दर्शन के अनुसार अष्ट कर्मों का नाश करने के लिए व्यक्ति को तप साधना करनी पड़ती है। आत्मा को परमात्मा बनाने के लिए कठोर परीषहो को समता पूर्वक सहन करना पड़ता है। 30 वर्ष की अवस्था में दीक्षा लेने के बाद भगवान महावीर स्वामी को कैवल्योपलब्धि हुई। 12 वर्ष 5 माह तक एवं 15 दिन तक कठोर तप किया जिसके बाद वैशाख शुक्ल दशमी को आपको केवल ज्ञान की प्राप्ति हुई। केवल ज्ञान की प्राप्ति के बाद योग्य गणधर इंद्रभूति गौतम के आगमन पर उन्होंने सर्वप्रथम प्राणियों के कल्याण के लिए उपदेश दिया। तपस्या के समय उन्होंने समता पूर्वक अनेक उपसर्गों को सहन किया। अत: आज भी व्यक्ति व्रत उपवास और संयम की साधना भगवान महावीर स्वामी के बाह्य तप के अनुसार करते हैं उनकी तप साधना आत्मा को परमात्मा बनाने का पुरुषार्थ है। चाहे वर्षाकाल हो या ग्रीष्मकाल परिस्थितियों को सहन करते हुए भगवान महावीर स्वामी ने तपस्या में एकाग्रचित्त होकर धर्म साधना की। उनकी यह तपस्या कर्मों को जीतने के लिए थी। भगवान महावीर स्वामी के जियो और जीने दो के सिद्धांत को बताया। अपने लिए तो सभी जीने की भावना रखते हैं लेकिन महावीर स्वामी ने जीने दो की भावना पर जोर देकर सभी प्राणियों को निर्भयता से जीवन जीने का उपदेश दिया। उन्होंने निर्जन वनों में भी तप साधना कर आत्मनिर्भरता का संदेश दिया। भगवान महावीर स्वामी की तप साधना महान थी। इस अवसर पर आज विशेष रूप से श्रेयश जैन बालू,प्रवीण जैन मामा जी,प्रदीप जैन चाइल्ड केयर,प्रणीत जैन,नीरज जैन,पलक जैन के साथ साथ बड़ी संख्या में महिलाए उपस्थित थी।

नक्सल हिन्सा मुक्त समाज, भाईचारे व सुख समृद्धि के लिए सकल जैन समाज ने किया सवा 5 लाख नवकार जाप

# जैन परिवारों ने गोदोहासन कैवल्य मुद्रा में नवकार किया जाप



**रायपुर ( ए. )।** जैन संवेदना ट्रस्ट के आव्हान पर भगवान महावीर कैवल्य कल्याणक दिवस प्रत्यर्थ विश्व के सकल जैन समाज ने गोदोहासन मुद्रा में नवकार जाप कर वीर प्रभु से हिन्सा मुक्त समाज, भाईचारे व सुख समृद्धि हेतु की प्रार्थना की। भगवान महावीर स्वामी ने दीक्षा ग्रहण कर साढ़े बारह वर्ष तक साधना की व वैशाख शुक्ल दसमी के शुभ दिवस ऋजुबालिका नदी के तट पर शाल वृक्ष के नीचे गोदोहासन मुद्रा में काउसगग ध्यान करते हुए केवल ज्ञान की प्राप्ति की थी।

जैन संवेदना ट्रस्ट के महेन्द्र कोचर व विजय चोपड़ा ने बताया कि वीर प्रभु ने सदैव विश्व कल्याण की कामना की थी। अत: विश्व भर के जैन समाज ने कैवल्य मुद्रा गोदोहासन में नवकार महामन्त्र का जाप कर विश्व में हिन्सा मुक्त समाज व भाईचारे समृद्धि के लिए प्रार्थना की है। भक्त की प्रार्थना में बड़ी शक्ति होती है। महेन्द्र कोचर ने बताया कि बच्चों को महावीर स्वामी के केवल ज्ञान व गोदोहासन के बारे में ज्ञान अभिवृद्धि हुई, बच्चों ने उत्साहपूर्वक परिवार के साथ नवकार जाप में भाग लिया। इक्कीस हजार से ज्यादा परिवारों में जाप किया गया।

विजय चोपड़ा व चंद्रेश शाह ने बताया कि बिहार राजस्थान, मध्यप्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र, उड़ीसा, झारखंड, तामिलनाडु, कर्नाटक, दिल्ली सहित पूरे छत्तीसगढ़ के अनेक शहरों से गोदोहासन मुद्रा में सपरिवार नवकार जाप की जानकारी व फोटोज व्हाट्सएप के माध्यम से मिली है। महावीर कोचर ने बताया कि जैन भाई बहनों ने घर के मंदिर में या वृक्ष के नीचे ज्ञान प्रतीक दीपक प्रज्वलित कर गोदोहासन में 12 नवकार महामन्त्र का जाप किया अनेक लोगों ने पांच बार भी जाप किया। सकल जैन समाज ने इस विश्वास से जाप किया कि विश्व में हिन्सा मुक्त समाज व भाईचारे की स्थापना होगी।

मंजू टाटिया, मंजू कोठारी ने कहा कि नवकार जाप से नक्सलियों को परमात्मा से सद्बुद्धि मिले व नक्सली हिन्सा का मार्ग छोड़ कर भगवान महावीर स्वामी के अहिंसा, दया, करुणा व जियो और जीने दो के उपदेशों का अनुशरण करते हुए समाज की मुख्यधारा में लौट आए, और प्रार्थना, दृढ़ विश्वास की जीत निश्चित है। महेन्द्र कोचर ने कहा कि इस वर्ष भगवान महावीर स्वामी के कल्याणक दिवस पर विविध धर्म आराधना की जावेगी। कैवल्य कल्याणक के अगले दिन भगवान महावीर स्वामी ने चतुर्विध संघ की स्थापना की। साधु साध्वी श्रावक श्राविका ये जैन संघ के चार स्तंभ हैं। वैसाख सुदी ग्यारस को वर्तमान शासनपति महावीर स्वामी के जैन संघ का स्थापना दिवस है। वर्तमान के सभी साधु साध्वी श्रावक श्राविका इसी जैन धर्म संघ के हिस्से हैं।

### राजधानी में अवैध प्लॉटिंग के खिलाफ कार्रवाई जारी, अब यहां चला जेसीबी

**रायपुर ( ए. )।** कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के निर्देश पर जिले में अवैध प्लाटिंग पर निरंतर कार्रवाई की जा रही है। निमोरा, गोंदवारा और बोरियाखुर्द में अवैध प्लाटिंग पर रोक लगाते हुए कार्रवाई की गई। वही मुरम से बनाए गई सड़क भी उखाड़ दी गई है। बता दें कि कलेक्टर डॉ गौरव सिंह के निर्देश पर रायपुर तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत डोमा एवं ग्राम पंचायत दतरेंगा में भी अवैध प्लॉटिंग पर कार्यवाही किया गया। स्थल पर निर्मित रोड रास्ता तथा बाउंड्री को जेसीबी से तोड़ा गया। इसी के साथ रायपुरा में दुर्गा विसर्जन स्थल के पास में की गई अवैध प्लाटिंग पर कार्रवाई की गई।

लक्ष्मी जनरल एण्ड फैन्सी स्टोर्स
गारनियार कलर्स, शहनाज,
ओरीफ्लेम, लोरीयल कलर्स,
रेवलोन हिमालय, लेक्मे,
पौन्डस, नीविया,
हबीब शिरम,
इम्पोडेट, कास्मेटिक
बाड़ी वाश,
शैम्पू एवं डियो
परफ्यूम
Ajay Malghany 7389440364
Ramesh Maighany 9302457395
सर्कुलर मार्केट, केम्प-2, पावर हाउस, भिलाई

J.K. TRADERS
Mohit Ahuja:-
97550 01136
98939 77337
PLASTO
प्लास्टो है तो गॅरन्टी है।
Nandini Road, Power House,
Distt.-Durg, Bhilai (CG)

आरना इंटरप्राईजेस
कांटावाला
वाटर प्यूरी फायर के विक्रेता एवं सुधारक
छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त
इलेक्ट्रानिक तराजू एवं सीसीटीवी कैमरा के विक्रेता व सुधारक
सर्कुलर मार्केट केम्प-2, भिलाई,
न्यू जेपी स्पोर्ट्स के सामने
7828844440, 9993045122
नया बस स्टैण्ड, शिव मंदिर रोड, दुर्ग, 09981370285, 9302833333

आर्टिफिशियल ज्वेलरी के विक्रेता
अनुप ट्रेडर्स
सर्कुलर मार्केट, केम्प-2, पावर हाउस, भिलाई

प्रमोद इंटरप्राइजेस
गेंहू, चांवल एवं दाल के थोक विक्रेता
लिंग रोड, केम्प-2, भिलाई-दुर्ग
फोन: 0788-2225449, 93290-13017

● जीन्स
● टी-शर्ट
● शर्ट
● ट्राउजर
भारत जींस
जवाहर मार्केट,
पावर हाउस, भिलाई

BIHAR
BOOT HOUSE
Jawahar Market,
Power House
Bhilai 9826181183

# ब्रिजर्टन के तीसरे भाग में शामिल हुईं बनिता संधू

वेब सीरीज ब्रिजर्टन के पिछले दोनों सीजन को दर्शकों का काफी प्यार मिला है। प्रशंसक पिछले लंबे वक्त से इसके तीसरे सीजन का इंतजार कर रहे हैं, जो अब खत्म हो चुका है। दरअसल, ब्रिजर्टन 3 के पहले भाग का प्रीमियर नेटफ्लिक्स पर हो रहा है। ब्रिजर्टन 3 की कहानी और तमाम सितारों की अदाकारी ने दर्शकों का दिल जीत लिया है, वहीं अभिनेत्री बनिता संधू ने इस सीरीज में मिस मल्होत्रा बन सबका दिल जीत लिया है।

बनिता की अदाकारी की हर शख्स तारीफ कर रहा है। वह इस सीरीज के दूसरे भाग में भी नजर आएंगी, जो 13 जून, 2024 को रिलीज होगा। बनिता एक ब्रिटिश-भारतीय अभिनेत्री हैं। उन्होंने वरुण धवन की फिल्म अक्टूबर के जरिए बॉलीवुड में कदम रखा था, जिसमें उनकी अदाकारी की खूब तारीफ हुई इन दिनों बनिता अदिवी शेष की पैन इंडिया फिल्म गुडाचारी 2 की शूटिंग में व्यस्त हैं। इस फिल्म की रिलीज तारीक फिलहाल सामने नहीं आई है।

ब्रिजर्टन सीजन 3 में बनिता संधू एक राजकुमारी के किरदार में नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस इस शो के रीजेंसी एरा में शामिल हो गई हैं। भारतीय और विदेशी दोनों सिनेमा में काम करने वाले बनिता संधू ने ब्रिजर्टन सीजन 3 में कमाल का अभिनय किया है। जूलिया क्विन की किताब पर आधारित इस नेटफ्लिक्स सीरीज में बनिता ने मिस मल्होत्रा की भूमिका निभाई है। शो में उनके किरदार का परिचय होते ही नेटिजन्स ने रिएक्शन देना शुरू कर दिया है। भारतीय फैंस बनिता को इस सीरीज में देख थोड़ा हैरान रह गए थे। ब्रिजर्टन फिलहाल नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीमिंग कर रही है।

बनिता संधू एक ब्रिटिश-भारतीय मॉडल और अभिनेत्री हैं जो हिंदी भाषा की फिल्मों और टेलीविजन विज्ञापनों में काम करती हैं। यूनाइटेड किंगडम में जन्मी संधू ने यूनाइटेड किंगडम में एक मॉडल के रूप में अपना करियर शुरू किया। वह भारत में विभिन्न टेलीविजन विज्ञापनों में भी दिखाई दी हैं।



# जाह्नवी ने ब्लू और रेड प्रिंट शेड में साड़ी पहने सोशल मीडिया का पारा किया हाई

**बी-टाउन की खूबसूरत हसीना जाह्नवी कपूर हमेशा अपने बोल्ड फैशन स्टेटमेंट्स के कारण चर्चाओं में रहती हैं। उनका हर एक लुक सोशल मीडिया पर आते ही तबाही मचाने लगता है। एक्ट्रेस ने हाल ही में अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं, जिसमें वो काफी स्टनिंग पोज देती हुई नजर आ रही हैं। दरअसल, जाह्नवी कपूर की फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही का ट्रेलर लॉन्च हुआ है। इस दौरान उन्होंने बेहद ही खूबसूरत साड़ी पहने हुए इंटरनेट पर कहर बरपा दिया है।**



एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर हमेशा अपने बोल्ड ड्रेसिंग सेंस और ग्लैमरस लुक्स के चलते सोशल मीडिया पर लाइमलाइट बटौरती रहती हैं। उनका हर एक लुक सोशल मीडिया आते ही छा जाता है। अब हाल ही में जाह्नवी कपूर ने अपने लेटेस्ट फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही के ट्रेलर लॉन्च इवेंट में बेहद शानदार साड़ी पहनी थी, जिसमें उनका कातिलाना अंदाज देखकर फैंस दीवाने हो गए थे। इन तस्वीरों में आप द े ख सकते हैं एक्ट्रेस ने रेड और ब्लू प्रिंट कलर की साड़ी पहनी हुई है, जिसमें वो अपना पल्लू लहराते हुए एक से बढ़कर एक सिजलिंग अंदाज में पोज देती हुई कैमरे के सामने फोटोशूट करवा रही हैं। बता दें एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट करती हैं तो फैंस अक्सर उनकी तस्वीरों पर लाइक्स और कॉमेंट्स के जरिए अपनी-अपनी प्रतिक्रियाएं देते हैं। हालांकि इन तस्वीरों में भी यूजर्स ने कॉमेंट्स करते हुए रिएक्शंस शेयर किए हैं। एक यूजर ने लिखा है सो स्वीट। वहीं दूसरे यूजर ने लिखा है- सो हॉट एंड ग्लैमरस। फिर तीसरे यूजर ने लिखा है- सो सेक्सी।

जाह्नवी कपूर की इन फोटोज को शेयर हुए कुछ ही घंटे हुए हैं और अब तक 5 लाख से भी ज्यादा यूजर्स ने फोटोज पर दिलखोलकर लाइक्स और कॉमेंट्स की बौछार कर दी है। बता दें एथनिक हो या वेस्टर्न जाह्नवी कपूर अपने हर लुक में कहर बरसाती हैं। उनका हर एक लुक इंस्टाग्राम पर पोस्ट होते ही सनसनी मचाने लगता है।

# केजीएफ के डायरेक्टर संग जूनियर एनटीआर की फिल्म का नाम ड्रैगन! मास स्टार के बर्थडे पर आएगा पोस्टर

जूनियर एनटीआर अपनी अपकमिंग एक्शन ड्रामा फिल्म देवरा पार्ट 1 से चर्चा में हैं। फिल्म देवरा पार्ट 1 का पहला गाना फियर एक्टर के बर्थडे से पहले रिलीज होने जा रहा है। एक्टर आगामी 20 मई को अपना 41वां बर्थडे सेलिब्रेट करेंगे। वहीं, जूनियर एनटीआर अपने फैंस को बर्थडे पर एक और तोहफा देने की तैयारी कर रहे हैं। बता दें, जूनियर एनटीआर और केजीएफ के डायरेक्टर प्रशांत नील साथ में जो फिल्म ला रहे हैं। अब इस फिल्म का नाम सामने आ गया है। जूनियर एनटीआर की फिल्म एनटीआर 31 साल 2022 में अनाउंस हुई थी, जिसका नाम अब ड्रैगन बताया जा रहा है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, जूनियर एनटीआर और प्रशांत नील की अपकमिंग फिल्म का नाम ड्रैगन बताया जा रहा है। कहा जा रहा है कि एक्टर के बर्थडे पर प्री-लुक पोस्टर जारी हो सकता है। अगर फिल्म का नाम ड्रैगन कंफर्म हो जाता है तो यह एनटीआर के फैंस के लिए बड़ी थ्रिलर फिल्म होने जा रही है। बता दें, फिल्म प्री-प्रोडक्शन फेज में चल रही है। वहीं, जूनियर एनटीआर फिल्म देवरा पार्ट 1 को फिनिश करने में लगे हैं तो वहीं नील साउथ सुपरस्टार प्रभास के साथ फिल्म सालार का पार्ट 2 सालार पार्ट 2 शौर्यांग परवम में बिजी हैं। बता दें, 20 मई 2022 को प्रशांत नील और जूनियर एनटीआर ने फिल्म एनटीआर 31 का एलान किया था और एक तस्वीर भी शेयर की थी। इसमें जूनियर एनटीआर का मोनोक्रॉम लुक दिख रहा था और पोस्टर पर हैप्पी बर्थडे के साथ एनटीआर 31 लिखा हुआ था। फिलहाल, जूनियर एनटीआर डारेक्टर कोराताला का फिल्म देवरा पार्ट 1 की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं, जो 10 अक्टूबर 2024 को सिनेमाघरों में आ रही है। फिल्म में सैफ अली खान और जाह्नवी कपूर भी अहम रोल में होंगे।



# रोहित सराफ की फिल्म इश्क विश्क रिबाउंड को मिली नई तारीख




रोहित सराफ इन दिनों अपनी आगामी फिल्म इश्क विश्क रिबाउंड को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म में जिबरान खान, पश्मीना रोशन और नैना ग्रेवाल जैसे सितारे भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। निपुण अधिकारी ने इस फिल्म का निर्देशन किया है। अब रोहित ने इश्क विश्क रिबाउंड के एक साथ 5 पोस्टर जारी किए हैं, जिन्हें सोशल मीडिया पर काफी पसंद किया जा रहा है। इसके साथ रोहित ने फिल्म की नई रिलीज तारीख का ऐलान कर दिया है।

फिल्म इश्क विश्क रिबाउंड पहले 28 जून, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी। अब इस फिल्म की नई रिलीज तारीख का ऐलान हो गया है। इस फिल्म के लिए आपको ज्यादा इंतजार नहीं करना होगा। यह फिल्म अब 21 जून, 2024 को सिनेमाघरों का रुख करेगी। इश्क विश्क रिबाउंड के बाद रोहित फिल्म सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी में नजर आएंगे, जिसमें वह वरुण धवन और जाह्नवी कपूर के साथ अभिनत करते नजर आएंगे।

यह फिल्म 2003 की मशहूर फिल्म इश्क विश्क का सीक्वल है, जिसमें शाहिद कपूर के साथ अमृता राव, विशाल मल्होत्रा और शेनाज़ ट्रेजरीवाला ने अभिनय किया था। निर्माताओं के अनुसार, फिल्म को समकालीन समयरेखा में फिट करने के लिए रीबूट किया गया है और यह सहस्राब्दी और जेन-जेड पीढ़ी के बीच संबंधों पर एक आधुनिक और भरोसेमंद दृष्टिकोण पेश करती है।

इश्क विश्क रिबाउंड का निर्माण रमेश तौरानी द्वारा किया गया है और टिप्स फिल्म्स लिमिटेड के बैनर तले जया तौरानी द्वारा सह-निर्माता है। रोहित को आलिया भट्ट की फिल्म डियर जिंदगी और वेब सीरीज मिसमैच्ड में उनके अभिनय के लिए जाना जाता है, दूसरी ओर, पश्मीना अभिनेता ऋतिक रोशन की चचेरी बहन हैं, जबकि जिबरान खान करण जौहर की ड्रामा फिल्म कभी खुशी कभी गम में एक बाल कलाकार थे।



# इन घरेलू चीजों से करें एलईडी स्क्रीन की सफाई, साफ करते हुए न करें ये गलतियां

**अपनी एलईडी स्क्रीन को साफ और चमकदार रखने के लिए आप कुछ आसान घरेलू चीजों का उपयोग कर सकते हैं। ये तरीके सबसे सेफ और आसान हैं। अपनी एलईडी स्क्रीन को साफ और चमकदार रखने के लिए आप कुछ आसान घरेलू चीजों का उपयोग कर सकते हैं। ये तरीके सबसे सेफ और आसान हैं।**

## माइक्रोफाइबर कपड़ा

सबसे पहले, माइक्रोफाइबर कपड़ा लें। यह कपड़ा नाजुक स्क्रीन के लिए सबसे अच्छा होता है क्योंकि यह खरोंच नहीं करता। स्क्रीन पर जमी धूल को हल्के हाथों से पोंछ लें।

## डिस्टिल्ड वाटर

डिस्टिल्ड वाटर का इस्तेमाल करें। थोड़ा पानी एक स्प्रे बोतल में डालें और कपड़े पर हल्का सा स्प्रे करें। ध्यान रखें, कपड़ा बहुत गीला नहीं होना चाहिए। अब इस गीले कपड़े से स्क्रीन को हल्के हाथों से साफ करें।

कभी-कभी स्क्रीन के छोटे-छोटे कोनों में धूल जम जाती है। इसे हटाने के लिए सॉफ्ट ब्रश का इस्तेमाल करें। यह ब्रश धूल को अच्छी तरह से निकाल देगा। स्क्रीन साफ करते समय कभी भी हार्ड केमिकल का इस्तेमाल न करें। सूखे या खुरदुरे कपड़े से सफाई न करें, इससे स्क्रीन पर स्क्रैच आ सकते हैं। बहुत ज्यादा पानी का उपयोग भी न करें, पानी अंदर जा सकता है और डिवाइस को नुकसान पहुंचा सकता है।



# जानें सनग्लासेस चुनने का सही तरीका, अलग-अलग चेहरे के हिसाब से चुनना चाहिए धूप के चश्मे

**सनग्लासेज केवल फैशन के लिए ही नहीं बल्कि जरूरत के भी पहनने की सलाह दी जाती है। अगर फेस शेप के मुताबिक सही धूप के चश्मे को न चुना जाए, तो आपका लुक खराब होने के साथ ही आंखों की देखभाल भी नहीं हो पाती।**

चौकोर चेहरे वाले लोगों को कैट-आई वाले फ्रेम, ओवल फ्रेम और राउंड फ्रेम वाले चश्मे को चुनना चाहिए। यह आपकी लुक को निखारने में मदद करेगा।

हार्ट शेप वाले चेहरे के लिए क्लबमास्टर फ्रेम, राउंड फ्रेम और कैट-आई फ्रेम चुनना चाहिए। दिल के आकार के चेहरों के लिए धूप के चश्मे में कैट-आई फ्रेम शामिल हो सकते हैं, जो रेट्रो टच देते हैं और खूबसूरती को निखारते हैं।

ओ-ब्लॉन्ग शेप वाले चेहरे के लिए रैपअराउंड स्टाइल वाले चश्मे बेहतरीन लग सकते हैं। इसके अलावा बटरफ्लाई शेप वाले फ्रेम्स भी एक बेहतर विकल्प है। गोल चेहरे के लिए ब्राउनलाइन फ्रेम, ज्योमेट्रिक फ्रेम, स्क्वायर फ्रेम वाले चश्मे बेहतर विकल्प हैं। चेहरे की मासूमित को बैलेंस करने के लिए गोल चेहरे वाले लोग इन अलग-अलग शेप वाले सन ग्लासेज को चुनें।

छोटे चेहरे वाली महिलाओं के लिए रेक्टैंगुलर फ्रेम, गोल फ्रेम और ओवरसाइज्ड फ्रेम के सनग्लासेज बढ़िया विकल्प हो सकते हैं। छोटे चेहरे वाली महिलाओं को ऐसे फैशन ऑप्शन्स अपनाने चाहिए जो उनके फेस को निखारें।

अंडाकार यानी ओवल शेप वाले चेहरे के लिए वेफेरर, एविएटर्स और कैट-आई वाले फ्रेम्स सूट करते हैं। इस तरह के चश्मे को पहनने से फेस शेप का बैलेंस बनाए रखने और स्टाइलिश दिखने में मदद मिलती है।

**अलग-अलग चेहरे के हिसाब से चुनना चाहिए सनग्लासेज**



# पति की हत्या के लिए 50 हजार की सुपारी, शातिर महिला ने तीन बदमाशों के साथ रची साजिश

## हत्या के प्रयास के आरोपी पुलिस की गिरफ्त में

श्रीकंचनपथ न्यूज



**भिलाई।** नेवई थाना क्षेत्र में 16 मई की देर शाम एक शख्स खून से लथपथ अपनी पत्नी के साथ पुलिस पेट्रोलिंग पार्टी को मिला। पेट्रोलिंग पार्टी ने शख्स को जिला अस्पताल ले गई और उसके बाद उसे गंगोत्री अस्पताल रेफर किया। शख्स को होश आने के बाद जो खुलासा हुआ वह चौंकाने वाला निकला। दरअसल यह पूरा मामला पति-पत्नी के बीच विवाद का निकला। पत्नी ने पति की हत्या के लिए तीन बदमाशों को 50 हजार की सुपारी दी। समय पर पुलिस पहुंच गई और गंभीर रूप से घायल शख्स को बचा लिया। इस मामले में पुलिस ने शातिर महिला के साथ उसके तीन साथियों को गिरफ्तार कर लिया है। नेवई पुलिस ने इस मामले में धारा 307, 120बी के तहत कार्रवाई कर चारों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

इस पूरे मामले में शनिवार को एएसपी सुखनंदन राठौर ने पुलिस कंट्रोल रूम सेक्टर-6 में खुलासा किया। घटना 16 मई की देर शाम लगभग 7 बजे की है। थाना नेवई पेट्रोलिंग द्वारा आउटर एरिया नेवई डेम क्षेत्र के संदिग्धों पर नजर रखने पेट्रोलिंग किया जा रहा था। इस दौरान नेवई डेम किनारे अंधेरे में एक व्यक्ति खून से लथपथ अपनी पत्नि के साथ विवाद कर रहा था। यह देखकर पेट्रोलिंग टीम पास गई तो देखा कि उस व्यक्ति के गले में गंभीर चोट लगी है और काफी खून निकल रहा था। घायल व्यक्ति को पुलिस टीम ने तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया। वह बातचीत करने की स्थिति में नहीं था।

### विवाद से परेशान होकर रची हत्या की साजिश

इसके बाद पुलिस ने तौकीर आलम की पत्नि संदेही नीदा अंजुम को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की। जल्द ही नीदा अंजुम ने पूरी सच्चाई बता दी। उसने बताया कि शादी के बाद से पति पत्नी के बीच अक्सर विवाद होता था। जिससे परेशान होकर अपने पति तौकीर आलम को रास्ते से हटाने का प्लान बनाया। उसने अपने परिचित आजाद कैवंट को अपना प्लान बताया। तब आजाद केवंट ने अपने दोस्त देव कुमारं चौधरी एवं जय कुमार के साथ मिलकर तौकीर आलम की हत्या करने के लिये 50,000 रुपए में सौदा तय किया। इसके बाद नीदा अंजुम, आजाद केवंट, देव कुमार चौधरी एवं जय कुमार ने तौकीर को जान से मारने की योजना बनाई।

### प्लानिंग कर नेवई डेम बुलाया

नीदा अंजुम अपनी स्कूटी से तथा आजाद केंवट अपनी स्कार्पियों में अपने साथी देव कुमार व जय कुमार को साथ लेकर नेवई डेम पहुंचे। रात करीब 8 बजे योजनाबद्ध तरीक से नीदा अंजुम ने अपने पति तौकीर को पेट्रोल खत्म होने का बहाना कर वाटसअप काल कर नेवई डेम बुलाया। देव कुमार चौधरी व आजाद केंवट स्कार्पियों में बैठकर तथा जय कुमार मुंह में स्कार्फ बांधकर अपने जेब मे धारदार कटर एवं नीदा अंजुम की गाड़ी की चाबी को अपने पास रखकर इंतजार कर रहा था। जैसे ही तौकीर आलम पेट्रोल लेकर नेवई डेम आया और पेट्रोल डालने के लिये स्कूटी का चाबी मांगी तो उसने गुम हो जाने की बात कह दी। तब तौकीर चाबी ढूंढने लगा तो पास खड़े जय कुमार ने चाबी यहां पर है कहकर पास बुलाकर चाबी दिया और पास में रखे धारदार कटर से गले में तीन-चार बार वार कर दिया। इसके बाद सभी वहां से भाग गए। पुलिस ने निदा अंजुम के बयान के बाद उसके साथी आजाद कैवंट, देव कुमार चौधरी एवं जय कुमार मेहता गिरफ्तार कर लिया। इस पूरी कार्रवाई में निरीक्षक आनंद शुक्ला, निरीक्षक ममता अली शर्मा, एएसआई सुरेन्द्र तारम, प्रधान आरक्षक सूरज पाण्डेय, आरक्षक रवि बिसाई, अजित यादव, आख चंदन भास्कर, आरक्षक विकास शर्मा रोहन दुबे, महिला आरक्षक बिन्दु भाले तथा एसीसीयु के आरक्षक उपेन्द्र यादव, विकांत यदु, शाहबाज खान, का प्रशंसनीय योगदान रहा।

### घायल व्यक्ति को था पत्नी पर शक

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर नेवई पुलिस ने हत्या का प्रयास करने वालों की तलाश शुरू कर दी। इधर इलाज के बातचीत करने की हालत में आने पर पुलिस ने उसका बयान लिया तो चौंकाने वाली बात निकली। घायल व्यक्ति ने अपना नाम तौकील आलम निवासी कुरुद रोड कोहका बताया। पूछताछ में उसने बताया कि 16 मई की रात को उसकी पत्नी नीदा अंजुम ने पेट्रोल खत्म होने की बात कहकर पेट्रोल लेकर नेवई डेम पर पहुंचने कहा। उसने बताया कि जब वह रात 8 से 9 बजे के बीच पेट्रोल लेकर नेवई डेम पहुंचा और स्कूटी की चाबी आसपास कहीं गुम हो जाने की बात कही। जब तौकीर आलम ने चाबी ढूंढने लगा तो पास में खड़े एक अज्ञात व्यक्ति जो मुंह में स्कार्फ बांधा था, उसने कहा कि चाबी यहां पर है। तौकीर आलम ने उससे चाबी ली और पीछे मुड़कर गाड़ी की ओर आने लगा तो पीछे से उसने धारदार हथियार से गले पर वार कर दिया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस को तौकीर ने यह भी बताया कि इस पूरी घटना के पीछे उसकी पत्नी के होने की आशंका है। बयान के आधार पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया।

## खास खबर



### पेड़ से टकराई तेज रफ्तार बाइक तीन युवकों की हुई मौत

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में शनिवार की रात तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। जिससे बाइक सवार तीन युवकों की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी। बताया जा रहा है कि तीनों युवक शादी में शामिल होने के लिए जा रहा थे, इसी दौरान यह हादसा हो गया। मामला लैलूंगा थाना क्षेत्र का है। मरने वालों में विजय भोय, उम्र 20 वर्ष, पीता चूड़ामणि खैरबाहर, लक्ष्मण चौहान, उम्र 24 वर्ष, पिता लोहर साय चौहान, सुबरा, कुलेश्वर पैंकरा उम्र 18 वर्ष, संतोष पैंकरा सुबरा निवासी हैं। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार, रायगढ़ जिले लैलूंगा ब्लाक के ग्राम सुबरा निवासी बाइक सवार तीन युवक खुलेश्वर पैकरा, विजय भोय, लक्ष्मण चौहान शनिवार की शाम सात बजे एक ही बाइक पर सवार होकर एक शादी कार्यक्रम में शामिल होने गेरुपानी जाने निकले थे। इस दौरान बाइक सवार तीनों युवक जब कर्नाहन पुल के पास पहुंचे तो बाइक चालक अपने वाहन से नियंत्रण खो बैठा और फिर बाइक सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई।

### थानेदार ने अधिवक्ता को दी जेल भेजने की धमकी, एसपी से शिकायत

**कोरबा ( ए. )।** बांकीमोंगरा थाना में पदस्थ निरीक्षक पर न्यायालय के आदेश की अवेहलना और अधिवक्ता के साथ दुर्व्यवहार का आरोप लगाते हुए अधिवक्ताओं ने एसपी से लिखित शिकायत की है। साथ ही निरीक्षक के विरूद्ध कार्रवाई की मांग की है।

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी को अधिवक्ता संघ कटघोरा ने पत्र सौंपा है। सचिव अमित सिन्हा की ओर से जारी पत्र में कहा है कि बांकीमोंगरा थाना प्रभारी प्रमोद डडसेना ने फोन के माध्यम से वरिष्ठ अधिवक्ता प्रमोद सोनी के साथ अभद्र व्यवहार करते हुए जेल भेजने की धमकी दी। अधिवक्ता संघ कटघोरा द्वारा प्रथम अपर जिला न्यायालय कटघोरा एवं उच्च न्यायालय बिलासपुर के आदेशों का अवलोकन किया। जिसमें अधिवक्ता प्रमोद सोनी द्वारा न्यायालयीन आदेशानुसार विविधत निष्पादन (कब्जा दिलाने संबंधी) कार्रवाई किया जाना दर्शित है। उन्होंने कहा कि थाना प्रभारी बांकीमोंगरा प्रमोद डडसेना द्वारा न्यायालय आदेश की अवहेलना करते हुए संबंधित प्रकरण में अधिवक्ता द्वारा विधिवत किए गए कार्य संपादन को अवैध मानते हुए अधिवक्ता के साथ फोन पर अभद्रता करते हुए प्रकरण दर्ज कर जेल भेजने की धमकी दी गई। अधिवक्ता संघ की बैठक में प्रस्ताव पारित कर इस कृत्य की घोर निंदा की है। साथ ही थाना प्रभारी प्रमोद डडसेना के विरूद्ध उचित कार्रवाई करने की अनुशंसा करते हैं। अधिवक्ता सिन्हा ने बताया कि शिकायत के बाद अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। इस संबंध में उच्च न्यायालय के बार एसोसिएशन से चर्चा करने के बाद संघ जल्द ही आगे कार्रवाई करेगा।

## ट्रैफिक रूल्स तोड़ने वालों पर सख्ती

# इस साल अब तक 280 लापरवाह वाहन चालकों के लायसेंस सस्पेंड




श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** यातायात नियमों की अनदेखी करने वालों पर इस साल यातायात विभाग द्वारा सख्ती बरती गई है। जितेन्द्र शुक्ला, पुलिस अधीक्षक दुर्ग के निर्देश पर एवं डीएसपी ट्रैफिक सतीष ठाकुर के नेतृत्व में यातायात पुलिस दुर्ग द्वारा इस वर्ष 4 माह में 280 लापरवाह वाहन चालको के लायसेंस सस्पेंड करने हेतु परिवहन विभाग को प्रेषित किया गया है। जिसमें परिवहन विभाग द्वारा सभी वाहन चालको का लायसेंस को सस्पेंड किया गया है।

यातायात पुलिस दुर्ग द्वारा 280 प्रकरण में से 204 प्रकरण छ.ग. राज्य के सभी जिलों एवं 76 प्रकरण अन्य राज्यों के वाहन चालको का भेजा गया है। माननीय सुप्रीम कोर्ट के गाईड लाईन के अनुसार मोटर व्हीकल एक्ट के 07 धाराओं जिसमें तेज रफ्तार वाहन चालन, रेड सिग्नल जम्प, शराब सेवन कर वाहन चलाना, वाहन चलाते समय मोबाईल फोन का प्रयोग करना, लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाना, विपरीत दिशा से वाहन चालन करना एवं माल वाहक में ओवर लोड माल ले जाना में वाहन चालको के लायसेंस सस्पेड करने निर्देशित किया गया है।

# एकतरफा प्यार में एक ही परिवार के 5 लोगों की हत्या, खुद भी फांसी पर झूला कातिल

## सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले का मामला, जघन्य हत्याकांड से दहशत में ग्रामीण

श्रीकंचनपथ न्यूज



सारंगढ़। छत्तीसगढ़ के नवगठित सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले में शनिवार को खौफनाक हत्याकांड का मामला सामने आया। एक ही परिवार के पांच लोगों की हत्या के बाद आरोपी फांसी पर झूल गया। घटना सारंगढ़ से 37 किलोमीटर दूर सलिहा थाना क्षेत्र के तहत आने वाले ग्राम थरगांव का है। घटना की जानकारी आग की तरह फैली और मौके पर भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर सलिहा थाने की पुलिस टीम के सारंगढ़ पुलिस अधीक्षक पुष्कर शर्मा भी पहुंच गए। फिलहाल इस पूरे मामले की जांच की जा रही है।

सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले में एकतरफा प्रेम से 6 जिंदगियां खत्म हो गई हैं। दरअसल, एक सिरफिरे युवक ने शादीशुदा महिला से एकतरफा प्रेम में परिवार के पांच लोगों की हत्या कर दी। टांगी और हथौड़े से हत्या के बाद आरोपी ने भी उसी घर में फांसी लगाकर जान दे दी। वारदात सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के सलिहा थाने के चांदन गांव में शुक्रवार की देर रात हुई। पुलिस के अनुसार पांच लोग जिनमें हेमलाल, जगमती, मीरा और मीरा के दो मासूम बच्चों की हत्या कर दी गई।

नृशंस हत्याकांड की सूचना मिलते ही एसपी पुष्कर शर्मा फोरेंसिक एक्सपर्ट और अपनी टीम के साथ पहुंचे। पुलिस हत्याकांड की वजह जानने के लिए दोनों परिवारों के परिचितों और पड़ोसियों से सुराग लेने की कोशिश की गई। प्रथम दृष्ट्या हत्याकांड की वजह प्रेम प्रसंग बताया जा रहा है। फांसी लगाने वाले हमलावर का पड़ोसी परिवार की एक महिला से एकतरफा प्रेम था। प्यार में नाकामी से गुस्साए युवक ने पूरे परिवार को ही खत्म कर डाला।

एसपी शर्मा ने बताया कि एक कमरे से एक पुरुष, एक बच्चे और तीन महिला व युवती के शव मिले हैं। वहीं घर के भीतर दूसरी तरफएक युवक फांसी पर लटका मिला। इस युवक का नाम मनोज साहू है। युवक पड़ोस में टेलरिंग का काम करता था। आशंका है कि मनोज ने हत्या के बाद खुदकुशी कर ली है। फॉरेंसिक जांच के बाद इसकी पुष्टि होगी। देर शाम तक पुलिस की टीम फॉरेंसिक एक्सपर्ट के साथ जांच में जुटी रही। शुरुआती जानकारी के मुताबिक मृतक मनोज के पड़ोस में हेमलाल साहू (55) रहता था। उसकी बेटी मीरा साहू से मनोज का संबंध था, लेकिन परिवार ने दूसरे परिवार में मीरा की शादी कर दी।

मीरा को तीन साल का बेटा था और वह गर्भवती थी। मायके में शादी समारोह के लिए कुछ दिनों पहले ही वह आई थी। प्यार में नाकामी से नाराज मनोज शुक्रवार की देर रात सुबह हथौड़ा और टांगी लेकर हेमलाल के घर पहुंचा। उसने गुस्से में हेमलाल के साथ ही उसकी पत्नी जगमती (48), बेटी ममता (27) और मीरा (25) के साथ ही मीरा के तीन साल के बेटे की हत्या कर दी। हत्या के बाद उसने खुद भी हेमलाल के घर में ही फांसी लगा ली। पड़ोसियों ने बताया कि मनोज की पड़ोसी होने के नाते मीरा से बातचीत थी। वह मीरा से एकतरफा प्यार करने लगा। इस पर दोनों परिवार को झगड़ा पुलिस थाने तक पहुंचा था। इस मामले में मनोज को जेल भी जाना पड़ा था। बहरहाल इस हत्याकांड से क्षेत्र में दहशत का माहौल है।

## हल्दी की रश्म से उठा ले गई पुलिस, पुलिस की गिरफ्त में बेवफा प्रेमी

# प्रेमिका को छोड़ दूसरी युवती से शादी करने चला युवक

श्रीकंचनपथ न्यूज



**कोरबा।** शहर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र में बेवफा प्रेमी को शादी से पहले पुलिस उठा ले गई। दरअसल युवक प्रेमिका को धोखा देकर दूसरी युवती से शादी करने चला था। प्रेमिका को जब इसकी जानकारी हुई तो उसने थाने में शिकायत दर्ज करा दी। इससे पहले की युवक दूसरी युवती से फेरे लेता पुलिस उसे हल्दी की रश्म से उठा ले गई। रामपुर पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

पुलिस के मुताबिक पीड़ित युवती ने बताया कि नन्द लाल निषाद जो पेशे से मैकेनिक है। पुलिस को युवती ने बताया था कि बीते दो साल से वह युवक के संपर्क में थी। युवक ने उसे विवाह करने का झांसा दिया था। विवाह के नाम पर युवक ने कई मौके पर अनैतिक रिश्ते बनाए। पीड़िता ने बताया कि युवक शक्ति जिले का रहने वाला है और कोरबा में अपने रिश्तेदार के यहां रहता था।

युवती ने बताया मोबाइल के जरिए उसका उससे संपर्क हुआ और व्हाट्सएप पर बातचीत करते-करते दोस्ती हुई। दोस्ती फिर प्यार में बदल गई। युवक ने शादी का झांसा देकर उसके साथ अनैतिक काम भी किया और वह दो बार गर्भवती भी हो चुकी थी। जिसे दवा खिलाकर युवक ने शादी का झांसा देकर गर्भपात कराया। पीड़िता ने बताया कि नन्द लाल ने उससे शादी का वादा किया था, लेकिन चोरी-चुपके शादी करने जा रहा था।

उसके दोस्तों के जरिए पता चला कि नंदलाल किसी दूसरी लड़की से शादी कर रहा है। इसके बाद इसकी शिकायत सिविल लाइन थाने में की थी। इसी बीच शनिवार शाम को नन्द की बारात निकलने वाली थी। जानकारी मिलने के बाद पुलिस की टीम उसके घर पहुंची और हल्दी की रस्म के बीच उसे गिरफ्तार कर लिया। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

### डिलवरी बॉय ने होटल में लगाई फांसी, जांच में जुटी पुलिस

**रायपुर (ए)।** राजधानी के एक होटल में युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस को युवक का शव होटल के कमरे में मिला। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, युवक शादी नहीं होने से तनाव में था। आशंका है कि इसी वजह से उसने ये कदम उठाया होगा। ये पूरा मामला आजाद चौक थाना क्षेत्र का है।

आजाद चौक थाना प्रभारी प्रमोद सिंह ने बताया कि मृतक ब्राह्मणपारा का निवासी नवीन दीवान (34 वर्ष) है। उसने अपने ही घर के पास अवधिया पारा के एक होटल में 16 मई को रूम बुक किया। अगले दिन सुबह जब होटल स्टाफ ने उसे देखा नहीं तो रूम का दरवाजा खटखटाया गया। कॉल भी किया गया। लेकिन सामने से कोई जवाब नहीं आया। जिसके बाद कमरे का दरवाजा तोड़ा गया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार इस मामले में होटल स्टाफ जब दरवाजा तोड़कर अंदर घुसा तो युवक की लाश लटकी हुई थी। जिसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए एम्स भिजवा दिया है। हालांकि अब तक पोस्टमार्टम रिपोर्ट नहीं आई है। मृतक के घर वालों ने पुलिस को बताया कि नवीन फूड डिलवरी का काम करता था। घर में मां-बाप और बड़ा भाई रहता है। बड़े भाई की शादी हो चुकी हैं। नवीन की शादी नहीं हुई थी। इस वजह से वह परेशान रहता था। आशंका है कि इसी वजह से उसने ये कदम उठाया होगा।

### दहेज में कार नहीं मिलने पर पत्नी को किया प्रताड़ित, जुर्म दर्ज

**कोरबा ( ए. )।** विवाह के बाद पांच लाख नगद व कार नहीं देने पर पति, सास समेत तीन लोगों के विरूद्ध प्रताड़ित किए जाने का आरोप विवाहिता ने लगाया है। मामले को पुलिस ने विवेचना में लिया है। पोड़ी बहार निवासी विवाहिता ने पुलिस को बताया कि उसका विवाह चार दिसंबर 2022 को सामाजिक रीति रिवाज से बुधवारी क्षेत्र में रहने वाले एक युवक के साथ हुआ था। शादी के कुछ दिनों के बाद दहेज के नाम पर सास, पति व देवर द्वारा उसे प्रताड़ित किया जाने लगा। साथ ही शादी के दौरान दहेज में पांच लाख रुपए या फिर कार नहीं देने की बात कहते हुए प्रताड़ित करते। बार- बार की प्रताड़ना से त्रस्त होकर आखिरकार वह घर छोड़ कर मायके आ गई। विवाहिता की शिकायत पर पुलिस ने पति, सास व देवर पर केस दर्ज कर लिया है।















## खास - खबर

### नगपुरा में पीएचई विभाग द्वारा पाईप का मरम्मत, पानी सप्लाई जारी

**दुर्ग।** जिले के ग्राम नगपुरा में लोगों को अब पानी की समस्याएं नहीं होगी। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देश के परिपालन में विगत 17 मई को पीएचई विभाग द्वारा ग्राम नगपुरा में एडीबी विभाग द्वारा तोड़ी गई पाईप लाईन को दुरूस्त किया गया और ग्राम में पेयजल सप्लाई चालू किया गया है। पीएचई विभाग के कार्यपालन अभियंता उत्कर्ष पाण्डे ने बताया कि पिछले एक महीने से ग्राम में पाईप तोड़े जाने के कारण पानी की समस्या हो रही है, परन्तु पीएचई विभाग द्वारा पूरी लाईन का मरम्मत कर दिया गया है। अब गांव वालों को नियमित रूप से पानी उपलब्ध होगी।

### दादावाड़ी मालवीय नगर पार्क में युवाओं ने योग करना सीखा

**दुर्ग।** दादावाड़ी मालवीय नगर पार्क में वेलनेस सेंटर और आयुर्वेद दल आर्य नगर के संयुक्त तत्वावधान में बीपी शुगर नियंत्रण पर शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के आध्यात्मिक सत्र में आचार्य डॉ. अजय आर्य ने कहा बच्चों को माता-पिता का आदर करना चाहिए। प्रतिदिन माता-पिता को प्रणाम करने से उम्र और विद्या बढ़ती है, ऐसा शास्त्रों में लिखा है। माता-पिता बच्चों को अच्छी आदतें सिखाएं। अच्छी आदतों एवं अच्छे विचारों से व्यक्ति का जीवन अच्छा बनता है। इसके बाद शिविर में बच्चों, युवाओं ने श्वसन और शवासन का अभ्यास किया। शवासन देखने में यूं तो बेहद आसान लगता है, लेकिन यह इतना सरल योगासन नहीं है। इसमें सांस किस तरह ली जा रही है, इसपर ध्यान देना बेहद जरूरी है। इसके अलावा शवासन पाचन के लिए अच्छा होता है।

### समर कैंप में बच्चों ने हारमोनियम केशियो बजाना, पेंटिंग भी सीखा

**दुर्ग।** पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला विनायकपुर के संयुक्त तत्वावधान में समर कैंप का शुभारंभ किया गया। सबसे पहले योगाभ्यास शिक्षक खिलेन्द्र यादव ने कराया। बच्चों को स्पोकन इंग्लिश बालकृष्ण सोनी ने सिखाया। जिसमें बच्चों ने दैनिक जीवन में उपयोग होने वाले शब्दों के बारे में जाना। आर्ट एंड क्राफ्ट में कक्षा 1 से 3 के बच्चों को रोशनी चन्द्राकर ने कलरफुल छोटे-छोटे फूल, गुलदस्ता बनाना सिखाया। गिरवर साहू ने बच्चों को पेंटिंग करने के तरीके सिखाया। संगीत में बच्चों ने हारमोनियम एवं केशियो बजाया। संगीत शिक्षक खिलेन्द्र यादव ने स्वरों के बारे में बच्चों को बताया।

### ट्रैफिक विभाग का फॉलो गुड हेबिटस अभियान

# विकेंड पर सूर्या मॉल, ठगडा बांध, बडे तरिया व सिविक सेंटर में लोगों को किया जागरुक




श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** लोगों को यातायात नियमों से अवगत कराने व जागरुकता के लिए इन दिनों यातायात विभाग द्वारा 21 डे चैलेंग फॉलो गुड हेबिटस अभियान चलाया जा रहा है। वाहन चालको में हेलमेट एवं सिल्ट बेल्ट लगाने दुर्ग पुलिस द्वारा चलाये जा रहे फॉलो गुड हेबिटस अभियान को लोगों का साथ भी मिल रहा है। वीकेंड पर यातायात पुलिस ने सूर्या मॉल, ठगडा बांध, बड़े तरिया एवं सिविक सेंटर में परिवार के साथ घूमने आने वाले को बैनर, पोस्टर एवं पॉम्प्लेट 21 डे चैलेंज से अवगत कराया गया।

एसपी जितेन्द्र शुक्ला, के निर्देश पर वाहन चालकों को वाहन चालन के दौरान हेलमेट एवं सीट बेल्ट लगाने जागरूक करने निर्देश दिए गए। इसके परिपालन में एएसपी सुखनंदन राठौर, के मार्गदर्शन में यातायात डीएसपी सतीष ठाकुर व संदानंद विध्यराज के नेतृत्व में यातायात पुलिस दुर्ग द्वारा चलाये जा रहे फॉलो गुड हेबिटस अभियान के तहत 21डे चैलेंज की जानकारी से यातायात जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से दी जा रही है।

### थाना प्रभारी में अपने क्षेत्र में दे रहे समझाइश

यातायात पुलिस के फॉलो गुड हेबिटस अभियान को समस्त थाना प्रभारियों द्वारा भी अपने अपने थाना क्षेत्र में लोगों को बताया जा रहा है। पुलिस द्वारा बिना हेलमेट बिना सीट बेल्ट लगाने वाहन चालको को समझाईस दी जा रही है। दुर्ग पुलिस की इस मुहीम को आम नागरिकों के द्वारा लाभदायक बताते हुये प्रसंशा की जा रही है। निरंतर बढ़चढ़ कर वाहन चालको द्वारा 21 डे चैलेंज स्वीकार कर हेलमेट एवं सीट बेल्ट लगाकर अपना फोटो यातायात हेल्प नंबर 94791-92029 में साझा किया गया जा रहा है। अच्छी आदतो का 21 दिनों तक अपने में सुमार करे जिससे सड़क दुर्घटना से बचा जा सकें।

### लोगों को बांटे पैम्पलेट और बताए नियम

शनिवार को डीएसपी सतीष ठाकुर एवं समस्त थाना प्रभारी तथा यातायात जोन प्रभारी द्वारा सूर्या मॉल, ठगडा बांध, सिविक सेंटर एवं बडे तरिया में परिवार के साथ घूमने आने वाले आम नागरिको को फॉलो गुड हेबिड का अभियान के तहत बैनर पोस्टर एव पैम्पलेट के माध्यम से 21 डे चैलेंज से अवगत कराया गया। डीएसपी सतीश ठाकुर ने इस दौरान कहा कि यदि आप 21 दिन तक लगातार दो पहिया वाहन चालन के दौरान हेलमेट लगाने और चार पहिया वाहन चालन के दौरान सीट बेल्ट लगाते हो तो 22वें दिन से वे आपके अच्छी आदत में सुमार हो जाएगा। इसके पश्चात आप बिना हेलमेट एवं बिना सीट बेल्ट लगाये वाहन चलाते है तो आपको स्वयं ही असुरक्षा महसूस होगी।

# पंडरिया में बीस दिन से लापता बच्ची हुई रिकवर, विधायक रिकेश ने की थी पहल, परिजनों ने जताया आभार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। 20 दिन से अपनी नाबालिग बच्ची की तलाश में थाना और पुलिस अधिकारियों के चक्कर काट परेशान पंडरिया विधानसभा के किशुन गढ़ क्षेत्र के रहवासी माता-पिता के लिए वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन? का आज उनके क्षेत्र में दौरा इतना उपयोगी रहा कि ताउम्र विधायक की पहल से मिली राहत उन्हें याद रहेगी। आज चंद घंटों के भीतर न केवल उनकी बच्ची रायपुर से रिकवर कर उनके हवाले की गई बल्कि बच्ची को झांसा दे ले जाने वालों पर कवर्धा एसपी डाक्टर अभिषेक पल्लव ने कड़ी कार्रवाई के निर्देश भी दिए हैं।**



आपको बता दें कि वैशाली नगर क्षेत्र के युवा विधायक रिकेश सेन आज कवर्धा से 25 किलोमीटर दूरी पर स्थित डोंगरिया में संत शिरोमणी सेन जी महाराज के मंदिर के भूमिपूजन कार्यक्रम में पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। लगभग दो हजार लोगों की मौजूदगी में किशुन गढ़ में समाज के ही एक दम्पति ने भीड़ के बीच अपने ही समाज के विधायक रिकेश को एक दरख्वास्त दिया। इस दौरान उनकी आंखों में आंसू छलक पड़े थे, उनकी 17 वर्षीया बच्ची किसी के बहकावे और झांसे की वजह से 28 अप्रैल को अचानक गायब हो गई। बच्ची के माता-पिता को इसका अंदेशा था कि उनकी नाबालिग बच्ची को एक युवक और उसके परिजनों ने ही बहला फुसलाकर घर से भगाया है। नतीजतन उन्होंने तत्काल पुलिस को खबर देते हुए संदिग्ध पर संदेह जताते हुए अपनी बच्ची सही सलामत लाने की इल्तिज़ा की लेकिन पंडरिया थाना के जिम्मेदार पुलिस कर्मी इस मामले में न केवल टालमटोल रवैया अपनाते रहे बल्कि बच्ची के माता-पिता ने आरोपियों को स्थानीय पुलिस वालों के संरक्षण का भी आरोप लगाया। अपने फौरी एक्शन के छवि वाले युवा विधायक रिकेश ने तत्काल कवर्धा एसपी डाक्टर अभिषेक पल्लव को फोन लगा सारा माजरा उन्हें बताते हुए लापता बच्ची को सुरक्षित परिजनों के हवाले करने और आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की बात कही। एसपी डाक्टर पल्लव ने पंडरिया थाना को आड़े हाथों लेते हुए न सिर्फ फटकार लगाई बल्कि इस संवेदनशील मसले पर तत्काल टीम गठित कर सायबर युनिट मुखबीरों की मदद से राजधानी रायपुर से चंद घंटों के भीतर बच्ची को रिकवर कर परिजनों के हवाले किया। मामले की अग्रिम कार्रवाई थाना से की जा रही है।

किशुनगढ़ के पीड़ित परिवार ने बताया कि वे एक पखवाड़े से मानसिक परेशानी झेल रहे थे। संबंधित थाना की पुलिस का रवैया उन्हें लगातार थाने का चक्कर लगाता रहा। आज विधायक रिकेश ने चंद घंटों के भीतर उनकी पहाड़ सी समस्या को हल करवा बड़ी राहत दी है जिसके लिए उन्होंने विधायक और पुलिस अधीक्षक डाक्टर अभिषेक पल्लव को साधुवाद दिया है।

## जब डॉ आदर्श पांडे ने स्वयं रक्तदान कर बचाई मरीज की जान

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** ऐसा उदाहरण बिरले देखने मिलता है कि किसी जरूरतमंद मरीज को डॉक्टर स्वयं अपना खून देकर जान बचाए। पर यह वाकया दुर्ग जिला अस्पताल में हुआ। डॉ आदर्श पांडे ने अपना खून देकर मरीज की जान बचाई। शासकीय पांडुरंग रामाराव जिला चिकित्सालय ब्लड बैंक में रक्त की महती आवश्यकता के लिए कलेक्टर के दिशा निर्देश, सीएमएचओ और सिविल सर्जन के मार्गदर्शन मिला था।

रक्त दान महादान की मूल्यवान भावना के तहत व्यक्तिगत रूप से संपर्क कर संबंधित रक्तदाता को रक्तदान भी करते हैं। इसी तारतम्य में जिला चिकित्सालय में भर्ती मरीज हेमलाल को तीन यूनिट नेगेटिव की आवश्यकता थी। जिसे दो यूनिट रक्त जिला चिकित्सालय के ब्लड बैंक से प्रदान किया जा चुका था । एक यूनिट की आवश्यकता और थी, कोई डोनर भी उपलब्ध नहीं था। नोडल अधिकारी डा प्रवीण अग्रवाल के व्यक्तिगत संपर्क से जिला चिकित्सालय के आदर्श पांडे द्वारारक्त दान किया गया एवम् सिकल सेल के भर्ती गंभीर मरीज के लिए तिलक भुवनेश्वर द्वारा पॉजिटिव रक्त दान किया गया।

कुछ माह पहले देर रात को एक गंभीर मरीज के लिए रक्त की व्यवस्था के लिए नोडल अधिकारी डॉ प्रवीण अग्रवाल स्वयं पहुंचे थे। मार्गदर्शन छ्रह्न प्रवीण अग्रवाल, रेड क्रॉस सोसाइटी के प्रबंध कार्यकारिणी सदस्य एवं जीवन दीप समिति के आजीवन सदस्य दिलीप ठाकुर, मानद सदस्य प्रशांत डोंगावकर का और जिनका उल्लेखनीय योगदान था ।

## बोड़ेगांव में प्रभावितों का ईलाज घर पर ही

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** जिले के ग्राम बोड़ेगांव (ननकट्ठी) में उल्टी-दस्त की आऊटब्रेक की सूचना होने पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा 14 मई 2024 से नियमित रूप से सक्रिय सर्वेलेंस किया जा रहा है। डॉ. जे.पी. मेश्राम, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, दुर्ग के निर्देशानुसार डॉ. एस.के. मेश्राम, जिला स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण अधिकारी, दुर्ग, डॉ. सी.बी.एस. बंजारे, जिला सर्विलेंस अधिकारी, दुर्ग रितीका मसीह, जिला एपिडेमियोलॉजिस्ट, राजेन्द्र वर्मा, विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक, निकुम, संदीप वर्मा, आरएमए, टेमेन्द्र देशमुख एवं महेश्वरी बघेल, आर.एच.ओ., सुपरवाईजर व स्वास्थ्य कार्यकर्ता सहित काम्बेट टीम के अन्य सदस्यों द्वारा प्रभावित क्षेत्र में चिकित्सकीय उपचार एवं दवाईयों का वितरण किया जाकर आमजनता को चिकित्सकीय लाभ दिया दिया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जे.पी. मेश्राम से मिली जानकारी अनुसार 18 मई 2024 को प्रभावित क्षेत्र ग्राम बोड़ेगांव में उल्टी-दस्त के 02 नये मरीज मिले है, जिनमें से 01 पुरूष 01 महिला को डायरिया व दस्त के जो अपने घर में ही चिकित्सकीय उपचार ले रहे है। 01 महिला 42 वर्ष जिनका श्री शंकराचार्य मेडिकल कॉलेज, जुनवानी में चिकित्सकीय उपचार करा रहे हैं, उनकी स्थिति सामान्य है। 14 मई 2024 से आज दिनांक तक ग्राम बोड़ेगांव में कुल 53 प्रकरण में 01 मरीज अस्पताल में चिकित्सकीय उपचार ले रहे हैं व अन्य 52 मरीजों का घर पर ही चिकित्सकीय उपचार चल रहा है व स्वास्थ्य लाभ ले रहे है। काम्बेट टीम व मितानिन द्वारा संक्रमित क्षेत्र का सर्वे किया जा चुका है। मितानिनों एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ता को प्रभावित क्षेत्र में सतत् निगरानी किये जाने निर्देशित किया गया है। 24×7 स्वास्थ्य केन्द्रों में ड्यूटी लगायी गयी है। कुल 110 घरों का भ्रमण किया गया 50 ओ.आर.एस.पैकेट, मैट्रोनिडाजोल के 10 टेब. वितरित किये गये है। ग्राम पंचायत में सरपंच की सहायता से गांव में उल्टी-दस्त होने पर सूचना देने की मूनादी करायी जा रही है। स्थानीय चिकित्सा अधिकारी, आर.एम.ए.,मितानिन एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के द्वारा संक्रमित क्षेत्र की सतत् निगरानी की जा रही है।

# नेहरू आर्ट गैलरी में चुमकी साहा एवं स्व. सुब्रत देव बर्मन की संग्रहित डाक टिकट की युगल प्रदर्शनी का आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के जनसंपर्क विभाग द्वारा संचालित, इंदिरा प्लेस, सिविक सेंटर स्थित नेहरू आर्ट गैलरी में, चुमकी साहा एवं स्वर्गीय सुब्रत देव बर्मन द्वारा संग्रहित डाक टिकट की युगल प्रदर्शनी का आयोजन किया जायेगा। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन 20 मई 2024 को संध्याकाल मुख्य अतिथि, मुख्य महाप्रबंधक (सामग्री प्रबंधन) श्री तपन कुमार द्वारा किया जायेगा।**




श्रीमती चुमकी साहा भिलाई की रहने वाली हैं और इनके माता-पिता दोनों बीएसपी में ही कार्यरत थे। अपने माता-पिता से ही इन्हें टिकट संग्रह का शौक विरासत में मिला। 50 देशों के 5000 से अधिक टिकटों के संग्रह के साथ, उन्होंने एक विविध और व्यापक वर्ग तैयार किया है। इनमें 1000 से अधिक टिकटों के साथ भारत एक विशेष स्थान पर है, उसके बाद जर्मनी और यूएसएसआर का स्थान आता है।

फिलैटली (डाक टिकट के संग्रह) के प्रति उनके उत्साह ने श्रीमती चुमकी साहा को अपने स्कूल और कॉलेज के दौरान प्रदर्शनियों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इन वर्षों में, वह सिविक सेंटर में डाकघर द्वारा आयोजित प्रदर्शनियों में भाग लेते हुए, डाक टिकट संग्रहकर्ता समुदाय के साथ जुड़ी रहीं। एक शिक्षिका के रूप में, श्रीमती चुमकी हमेशा इस शौक की प्रबल समर्थक रही हैं और अपने विद्यार्थियों को टिकट संग्रह के लिए प्रोत्साहित करती रही हैं।

श्रीमती चुमकी लंबे समय के बाद भिलाई इस्पात संयंत्र के सहयोग से एक बार फिर अपने संग्रह को प्रदर्शित करने का अवसर पाकर अभिभूत हैं। अपने मूल्यवान संग्रह के लिए एक मंच प्रदान करने के लिए उन्होंने भिलाई इस्पात संयंत्र के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया है। उन्होंने रीजनल कॉलेज ऑफ एजुकेशन, भोपाल में फिलाटेलिक प्रदर्शनियों का आयोजन किया।

साथ ही कोलकाता और दिल्ली में प्रतिष्ठित फिलाटेलिक कार्यशालाओं में भाग लिया। वर्ष 1988-1999 तक वेस्टर्न कोल फील्ड्स, छिंदवाड़ा डाक टिकट प्रदर्शनियों के तत्वावधान में उनकी प्रदर्शनियों को खूब सराहना मिली। इस बार, श्रीमती चुमकी अपनी संग्रहित डाक टिकट प्रदर्शनी को स्वर्गीय श्री सुब्रत देवबर्मन को सपर्पित किया है। श्री सुब्रत देवबर्मन ने समान रुचि साझा करते हुए वर्षों पहले इनके साथ टिकटों का आदान-प्रदान किया था।

यह तीन दिवसीय चित्रकला प्रदर्शनी 20 मई से 22 मई 2024 तक प्रतिदिन संध्या 5.30 बजे से रात्रि 8.30 बजे तक आम जनता के दर्शनार्थ खुली रहेगी।

# नरेश पटेल ने छत्तीसगढ़ में पुलिस व्यवस्था के दो दशक पर दिया पावर प्रजेंटेशन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग में छत्तीसगढ़ में पुलिस व्यवस्था तथा बस्तर की आदिवासी संस्कृति पर पृथक-पृथक दो पीएचडी वायवा आयोजित की गई। हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग में छत्तीसगढ़ में पुलिस व्यवस्था के दो दशक दुर्ग जिले के विशेष संदर्भ में विषय पर कला संकाय के इतिहास विषय से संबंधित प्रथम पीएचडी वायवा में शोधार्थी नरेश कुमार पटेल ने पावर प्वाइंट प्रस्तुतिकरण के माध्यम से अपना शोधकार्य प्रस्तुत किया।**



जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय की पीएचडी सेल प्रभारी, डॉ. प्रीता लाल ने बताया कि शोधनिर्देशक सेवा निवृत्त प्राध्यापक, डॉ. किशोर कुमार अग्रवाल तथा सह शोधनिर्देशक, साइंस कॉलेज, दुर्ग के सहायक प्राध्यापक, डॉ. अनिल कुमार पांडे के मार्गदर्शन में किये गये शोधकार्य को प्रस्तुत करते हुए नरेश पटेल ने छत्तीसगढ़ में पुलिस व्यवस्था सन् 2000 से 2020 तक दुर्ग जिले के विशेष संदर्भ के रूप में गहराई से विश्लेषण किया।

शोधार्थी नरेश पटेल ने पुलिस विभाग में जारी विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी। उन्होंने बताया कि कार्य का अत्याधिक दबाव एवं अवकाश की कमी कई बार पुलिस कर्मियों को चिड़चिड़ा बना देती है। दोनों पीएचडी वायवा में बाह्य परीक्षक के रूप में केन्द्रीय विश्वविद्यालय, सागर के प्राध्यापक, डॉ. बी. के. श्रीवास्तव ऑनलाईन रूप से उपस्थित थे। डॉ. लाल के अनुसार द्वितीय पीएचडी वायवा में विश्वविद्यालय स्थित टैगोर हॉल में शोधार्थी जितेन्द्र कुमार साखरे ने अपने शोधनिर्देशक, डॉ. अनिल कुमार पांडे के मार्गदर्शन में बस्तर की आदिवासी संस्कृति पर आधुनिकता एवं विकास का प्रभाव तथा पर्यावरणीय सम्पोषणीयता एक ऐतिहासिक विश्लेषण विषय पर 1960 से 2015 तक की अवधि का विश्लेषण किया।

जितेन्द्र साखरे ने बताया कि बस्तर क्षेत्र में संधृत विकास की आवश्यकता है क्योंकि अनेकों जगह पर विकास कार्यों के कारण प्राचीन जनजाति सभ्यता एवं रीति-रिवाज, त्यौहार एवं पारंम्परिक धार्मिक स्थलों पर प्रतिकुल प्रभाव पड़ रहा है। दोनों पीएचड वायवा में उपस्थित कुलपति, डॉ. अरूणा पल्टा तथा सभागार में उपस्थित विभिन्न महाविद्यालयों के प्राध्यापक, शोधार्थी, आदि ने ऑनलाईन तथा ऑफलाईन रूप से प्रश्न पुछकर जिज्ञासा को शांत किया।

डॉ. प्रीता लाल ने बताया कि इतिहास विषय के इन दोनों पीएचडी वायवा में कुलसचिव, भूपेन्द्र कुलदीप, अधिष्ठाता छात्र कल्याण, डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव, उपकुलसचिव, डॉ. राजमणि पटेल, वित्त अधिकारी, सुशील कुमार गजभिये, कीड़ा संचालक, डॉ. दिनेश नामदेव, राजेन्द्र कुमार चौहान, सहायक कुलसचिव, डॉ. सुमीत अग्रवाल, हिमांशु शेखर मंडावी, दिग्विजय कुमार, इतिहास विषय के अध्ययन मंडल के अध्यक्ष, डॉ. पी डी सोनकर, वाणिज्य संकाय के डॉ. एच.पी. सिंह सलूजा, डॉ. जांगड़े, इतिहास विभाग पं. रविशंकर विश्वविद्यालय, रायपुर के डॉ. खुंटे, साइंस कॉलेज, दुर्ग की डॉ. ज्योति धारकर, डॉ. कल्पना अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में ऑनलाईन तथा ऑफलाईन रूप से प्राध्यापक एवं शोधार्थी उपस्थित थें।

## जेएलएन अस्पताल में उन्नत ऑप्टिकल बायोमेट्री पेरीमेट्री और फेकोइमल्सीफिकेशन मशीनों का उद्घाटन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई । भिलाई इस्पात संयंत्र के पं. जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र, सेक्टर-9, भिलाई के नेत्ररोग विभाग में 18 मई को अत्याधुनिक ऑप्टिकल बायोमेट्री, ऑटोमेटेड पेरीमेट्री और फेकोइमल्सीफिकेशन मशीनों का उद्घाटन मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी एम एंड एचएस डॉ रवींद्रनाथ एम ने किया।**



इस अवसर पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं विभाग के मुख्य चिकित्सा अधिकारीगण डॉ प्रमोद बिनायके, डॉ विनीता द्विवेदी और डॉ कौशलेंद्र ठाकुर तथा एसीएमओ एम एंड एचएस व विभागाध्यक्ष नेत्ररोग डॉ जयश्री प्रधान सहित अन्य वरिष्ठ चिकित्सक और बड़ी संख्या में पैरा-मेडिकल स्टाफ उपस्थित थे। ऑप्टिकल बायोमेट्री एक नॉन-इनवैसिव उपकरण है जिसका उपयोग मोतियाबिंद सर्जरी के दौरान प्रत्यारोपण हेतु इंट्राओकुलर लेंस की क्षमता की गणना करने के लिए किया जाता है, जो रोगियों के लिए ऑप्टिमल विजुअल आउटकम परिणाम सुनिश्चित करता है। ऑटोमेटेड पेरीमेट्री मशीन का उपयोग ग्लूकोमा और अन्य न्यूरोलॉजिकल विकारों के निदान एवं उपचार प्रक्रिया में विजुअल फील्ड परीक्षण के लिए किया जाता है। वहीं उन्नत कोइमल्सीफिकेशन मशीन, मोतियाबिंद के उपचार हेतु अल्ट्रासोनिक कंपन का उपयोग करती है, जिससे सर्जरी के पश्चात द्रुत रिकवरी के साथ-साथ सर्जिकल परिणामों में भी सुधार होता है। अत्याधुनिक तकनीक से युक्त, पं. जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र, भिलाई का नेत्ररोग विभाग, ऑप्टिकल बायोमेट्री, ऑटोमेटेड पेरीमेट्री और फेकोइमल्सीफिकेशन नवीनतम चिकित्सा उपकरणों के प्रयोग से नेत्र संबंधी विकारों के कुषलता से निदान व समय पर उपचार सुनिश्चित करने में सक्षम होगा।

उल्लेखनीय है कि यह सुविधा चिकित्सालय में भिलाई और अन्य क्षेत्रों से आने वाले मरीजों को बेहतर निदान, सर्जरी और अन्य नेत्र-संबंधी उपचार प्रदान करके के लिए स्वास्थ्य सेवाओं को उन्नत की दिशा में जेएलएन अस्पताल का एक महत्वपूर्ण कदम है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950